संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -350 मंगलवार,22 अक्टूबर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## देश की संक्षिप्त खबरें

### अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से झटका



**नई दिल्ली,21 अक्टूबर 2024 (ए)।** पीएम नरेंद्र मोदी की डिग्री को लेकर की गई टिप्पणी वाले मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से झटका मिला है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक की याचिका को सर्वोच्च अदालत ने खारिज कर दिया है। गुजरात यूनिवर्सिटी की ओर दर्ज मानहानि केस में केजरीवाल के खिलाफ ट्रायल कोर्ट ने समन जारी किया था। पूर्व सीएम ने इसे रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में हुई 10 वीं गिरफ्तारी



#### शूटरों को मुहैया करवाए थे हथियार राजस्थान का रहने वाला है आरोपी

**मुंबई ,21 अक्टूबर 2024 (ए)।** मुंबई के बांद्रा में हाल ही में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह 10वीं गिरफ्तारी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने नवी मुंबई के बेलापुर से बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में आरोपी भागवत सिंह (32) को गिरफ्तार किया है। वह मूल रूप से राजस्थान के उदयपुर का रहने वाला है।

### लेह-लद्दाख में ऑक्सीजन की कमी के कारण छत्तीसगढ़ के जवान की मौत



#### दुर्ग में होगा अंतिम संस्कार

**नई दिल्ली/रायपुर,21 अक्टूबर 2024 (ए)।** लेह-लद्दाख में तैनात छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के कोड़िया गांव के रहने वाले जवान उमेश साहू, ऑक्सीजन की कमी के कारण मौत हो गए। जवान का पार्थिव शरीर देर रात रायपुर एयरपोर्ट लाया गया और वहां से दुर्ग के कोड़िया गांव के लिए रवाना किया गया।उमेश साहू, जो भारतीय सेना में तैनात थे,ने देश सेवा के दौरान लेह-लद्दाख के कठिन परिस्थितियों में अपनी जान गंवा दी। आज उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम कोड़िया में किया जाएगा, यहां उनको अंतिम विदाई दी जाएगी। स्थानीय प्रशासन और सेना के अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्र के लोग भी बड़ी संख्या में इस शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचेंगे। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# कश्मीर कभी पाकिस्तान का हिस्सा नहीं बनेगा

» पड़ोसी आतंकी हमले रोके,तभी होगी बातचीत...

» गांदरबल में 7 लोगों की टारगेट किलिंग हुई...

**श्रीनगर,21 अक्टूबर 2024 (ए)।**जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा-अगर इस्लामाबाद भारत के साथ दोस्ताना संबंध रखना चाहता है तो उसे यहां आतंकी घटनाएं रोकनी होंगी।

उन्होंने कहा-दोनों देशों में बातचीत कैसे हो सकती है? आप (पाकिस्तान) हमारे निर्दोष लोगों को मारते हैं और फिर बातचीत के लिए कहते हैं। जब तक पड़ोसी देश जम्मू-कश्मीर में हत्याएं बंद नहीं करता, तब तक नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच कोई बातचीत नहीं हो सकती। अब्दुल्ला ने कहा-मैं पाकिस्तान के शासकों से कहना चाहता हूं कि अगर वे वाकई भारत से दोस्ती चाहते हैं, तो उन्हें यह सब बंद कर देना चाहिए। कश्मीर कभी पाकिस्तान का हिस्सा नहीं बनेगा। अब्दुल्ला की ये बात 20 अक्टूबर की रात गांदरबल में हुए हमले में 7 लोगों की मौत पर कही।उधर, जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने भी आज कहा कि सुरक्षाबल गांदरबल हमले में मरने वालों का बदला लेंगे और ऐसी कीमत वसूलेंगे जिसे आतंकवादी आने वाले समय में याद रखेंगे।



### एलजी बोले-मजदूरों की हत्या का बदला लेंगे सुरक्षाबल

गांदरबल आतंकी हमले पर एलजी मनोज सिन्हा ने पोस्ट में लिखा- निर्माण मजदूरों के खिलाफ क्रूर और बर्बर हमले का बदला लिया जाएगा। मैंने जम्मू-कश्मीर पुलिस, सुरक्षा बलों से ऐसी कीमत वसूलने को कहा है जिसे आतंकवादी और उनके सहयोगी आने वाले समय में याद रखेंगे। सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में शांति भंग कर रहा है। इसके लिए निर्दोष लोगों की हत्या कर रहा है। हम कल के कायरतापूर्ण हमले को नहीं भूलेंगे

### कश्मीर हमला-लश्कर के संगठन टीआरएफ ने ली जिम्मेदारी,रेकी के बाद टनल साइट पर की थी फायरिंग

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में रविवार देर रात हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि टीआरएफ चीफ शेख सज्जाद गुल इस हमले का मास्टरमाइंड था। गांदरबल के गगनगीर इलाके में श्रीनगर-लेह नेशनल हाईवे की टनल कंस्ट्रक्शन साइट पर आतंकियों ने फायरिंग की थी। हमले में बडगाम के डॉक्टर शहनवाज मीर और पंजाब-बिहार के 6 मजदूरों की जान गई।

जम्मू-कश्मीर आतंकी हमले में एमपी के इंजीनियर की भी मौत, जेपी फैक्ट्री में सिविल इंजीनियर थे अनिल शुक्ला जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में आतंकी हमले में मध्यप्रदेश के सीधी जिले के रहने वाले इंजीनियर अनिल शुक्ला (45) की भी मौत हो गई। वे जेपी फैक्ट्री में सिविल इंजीनियर थे। इन दिनों वह जम्मू-कश्मीर में सुरंग बनवाने का काम करा रहे थे। रविवार देर रात आतंकियों ने वहां अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इसमें अनिल शुक्ला समेत 7 लोगों की मौत हो गई।

### आतंकवादी पाकिस्तान से आ रहे

फारूक अब्दुल्ला ने कहा-गांदरबल की घटना दर्दनाक है। गरीब मजदूर यहां आजीविका के लिए आते हैं ताकि वे अपने परिवार का पेट भर सकें। इन दरिंदों ने उन्हें शहीद कर दिया। उनके साथ हमारे एक डॉक्टर भी थे जो लोगों की सेवा करते थे। उन्होंने भी अपनी जान गंवा दी।अब्दुल्ला ने कहा कि अगर आतंकवादियों को लगता है कि वे इस तरह की हरकतों में शामिल होकर जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी हुकूमत स्थापित कर सकते हैं, तो वे गलत हैं। इन दरिंदों को क्या मिलेगा? क्या वे सोचते हैं कि वे यहां पाकिस्तान स्थापित कर देंगे?

अब्दुल्ला ने कहा हम कई सालों से देख रहे हैं कि आतंकवादी वहां (पाकिस्तान) से आ रहे हैं। हम इस समस्या को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि हम अपनी मुश्किलों से बाहर निकल सकें। अब्दुल्ला ने कहा- पाकिस्तान को कश्मीर के लोगों को शांति और सम्मान के साथ रहने देना चाहिए और अपने देश के विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कृपया हमें सम्मान के साथ जीने दें, हमें विकास करने दें। अल्लाह के लिए अपने देश का ख्याल रखें और विकास पर ध्यान दें और हमें अपने भगवान की दया पर छोड़ दें। हम यहां गरीबी और बेरोजगारी को खत्म करना चाहते हैं। इसे आतंकवाद के जरिए हासिल नहीं किया जा सकता।

# विमानों में बम की अफवाह फैलाने वालों पर सख्ती

» सरकार लगाएगी हवाई यात्रा पर बैन...



**नई दिल्ली,21 अक्टूबर 2024 (ए)।** पिछले एक सप्ताह में लगभग 100 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। हालांकि ये सभी धमकियां फर्जी निकलीं, लेकिन इसके चलते कई उड़ानों में देरी हुई और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए ऐलान किया है कि इस तरह की फर्जी धमकियां देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों को हवाई सफर करने से रोकने के लिए नियमों में बदलाव किए जा रहे हैं।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा, यात्रियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, लेकिन फर्जी कॉल कर अफरा-तफरी मचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। हम विमान सुरक्षा नियमों में संशोधन कर रहे हैं ताकि ऐसे लोगों को 'नो-फ्लाई लिस्ट' में डाला जा सके।

#### नियमों में बदलाव की तैयारी

नायडू ने यह भी बताया कि इन धमकी भरे कॉल्स के बाद हितधारकों के साथ कई बैठकों का आयोजन किया गया है। अब विमान सुरक्षा नियमों में संशोधन पर विचार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ऐसे फर्जी धमकियों देने वालों को पकड़कर उन्हें हवाई यात्रा से प्रतिबंधित करना है। हाल के दिनों में धमकी भरी कॉल्स की बाढ़ आ गई है, और 19 अक्टूबर को 24 घंटे के भीतर 11 विमानों में बम की झूठी धमकी मिली थी।

#### सरकार एक्शन मोड में

सरकार अब इस मामले को संज्ञेय अपराध की श्रेणी में लाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए अन्य मंत्रालयों के साथ भी चर्चा हो रही है। नायडू ने कहा कि सरकार यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगी, और इस दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय में भी इस मुद्दे पर उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सीआई एसएफ और बीसीएएस के अधिकारियों ने जांच की स्थिति की रिपोर्ट दी। अधिकतर धमकी भरी कॉल्स विदेशों से आ रही हैं, जो जांच का प्रमुख हिस्सा हैं।

#### एयरलाइंस की मांग

फर्जी बम धमकियों से हवाई कंपनियां भी बेहद परेशान हैं। इन कॉल्स के कारण उड़ानों में देरी होती है और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। एयरलाइंस ने सख्त नियमों की वकालत करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में उन्हें हुए नुकसान की भरपाई आरोपियों से की जानी चाहिए।




### खालिस्तानियों ने ली सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए ब्लास्ट की जिम्मेदारी


#### अलर्ट पर दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली,21 अक्टूबर 2024 (ए)।**दिल्ली के रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए धमाके की जिम्मेदारी खालिस्तानी संगठन ने ली है। सूत्रों की मानें, तो इसके लिए खालिस्तानियों ने टेलीग्राम के जस्टिस लीग इंडिया ग्रूप पर एक मैसेज किया है। इस मैसेज के बाद जांच एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। फिलहाल, गृह मंत्रालय ने इस पूरे मामले की रिपोर्ट दिल्ली पुलिस से रिपोर्ट मांगी है।

दरअसल, रोहिणी सेक्टर 14 के प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह करीब 7:30 बजे धमाका हुआ था। हालांकि, इस धमाके से किसी के घायल होने की खबर नहीं है। लेकिन, इस धमाके से सीआरपीएफ स्कूल की दीवार, आस-पास की दुकानें और कुछ वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा था।

स्कूल के शीशे भी टूट गए थे। इस हमले से जुड़ा एक स्क्रिन शॉट सामने आया है। जिसमें खालिस्तानियों ने जस्टिस लीग इंडिया ग्रूप पर मैसेज कर कहा है कि हम किसी भी वक्त हमला करने में कितने सक्षम हैं। इसके साथ ही इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी शेयर किया गया है।

# बेटी प्रियंका वाड्रा के लिए प्रचार करेंगी सोनिया गांधी



**वायनाड/नई दिल्ली,21 अक्टूबर 2024 (ए)।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष और पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी अपनी बेटी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के लिए केरल के वायनाड में प्रचार करेंगी। कांग्रेस महासचिव अपना पहला चुनावी मुकाबला लड़ रही हैं। राज्य कांग्रेस नेताओं के अनुसार, सोनिया गांधी कई सालों के बाद केरल लौट रही हैं और मंगलवार को होने वाले रोड शो में उनके साथ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी शामिल होंगी।

# 16-16 बच्चे पैदा करें नए कपल:चंद्रबाबू नायडू के बाद अब सीएम एमके स्टालिन ने जनसंख्या बढ़ाने पर दिया जोर

आंध्र प्रदेश में दो से ज्यादा बच्चे वाले ही लड़ सकेंगे निकाय चुनाव...



**हैदराबाद,21 अक्टूबर 2024 (ए)।** आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने बढ़ती उम्रदराज आबादी पर चिंता जाहिर करते हुए लोगों से अधिक बच्चे पैदा करने की अपील की है। नायडू ने राज्य में बच्चों के कम पैदा होने और बुजुर्गों की बढ़ती आबादी को देखते हुए इस बात पर जोर दिया है। सीएम ने बताया कि कई जिलों तो ऐसे भी है जहाँ गांवों में केवल बुजुर्ग ही रह गए हैं। सरकार दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को ही स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने पात्र बनाने की योजना बना रही हैं।आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बढ़ती उम्रदराज आबादी का हवाला देते हुए दक्षिणी राज्यों के परिवारों से अधिक बच्चे पैदा करने की अपील की है।

# देश भर में सीएपीएफ कर्मियों के आश्रितों के लिए 26 एमबीबीएस और 3 बीडीएस सीटें आरक्षित

**नई दिल्ली,21 अक्टूबर 2024 (ए)।** गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के राष्ट्रीय पुलिस मेमोरियल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने देश की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही देश की सुदूर तक फैली सीमाओं की सुरक्षा करने के लिए सभी बलों का आभार भी जताया। उन्होंने कहा, पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बधाई देता हूं। आज देश के विभिन्न इलाकों और जगहों पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले अलग-अलग बल के जवानों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं। मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि यहां आकर अमर जवानों को श्रद्धांजलि देने का मुझे मौका मिला। यही हमारे जवान हैं कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और कच्छ से लेकर किबिथू तक फैली हमारी सीमाओं को सुरक्षित रखते हैं।






# सरकारी कर्मचारियों का बढ़ सकता है महंगाई भत्ता

» स्थापना दिवस पर सरकार दे सकती है बड़ा तोहफा

**भोपाल,21 अक्टूबर 2024 (ए)।** मध्य प्रदेश सरकार जल्द ही सरकारी कर्मचारियों को दीवाली का तोहफा दे सकती है। कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाया जा सकता है। दीवाली के अगले दिन बाद ही उन्हें खुशखबरी दी जा सकती है। माना जा रहा है कि 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर महंगाई भत्ता बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है। सरकारी कर्मचारियों का डीए फिलहाल 46 प्रतिशत है, जबकि केंद्र ने इसे 53 प्रतिशत किया है। साल 2023 जुलाई से से 46 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा है।

# पीएफआई के नेटवर्क पर बड़ा खुलासा

» चंदा वसूलकर देश में आतंकवाद को बढ़ावा...

» दुनिया भर में 13 हजार सदस्य...





**नई दिल्ली,21 अक्टूबर 2024 (ए)।** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के व्यापक नेटवर्क और वित्तीय स्रोतों को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियों की जांच में पता चला है कि इस संगठन की जड़ें भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों में भी फैली हुई हैं। पीएफआई के खिलाफ जांच का सिलसिला दिसंबर 2020 में शुरू हुआ, जब ईडी ने कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया के महासचिव केए रऊफ शेरिफ को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से पीएफआई के नेटवर्क के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं।

चार साल की जांच के बाद तैयार किए गए ईडी के डोजियर में बताया गया है कि पीएफआई के सदस्य भारत के केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, जम्मू कश्मीर और मणिपुर में सक्रिय हैं। ईडी के अनुसार, जुलाई 2022 में पीएम मोदी पर हमले का असफल प्रयास किया गया था, जिसके बाद पीएफआई पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत प्रतिबंध लगा दिया गया।

सूत्रों के अनुसार, संगठन सिंगापुर और पांच खाड़ी देशों में कम से कम 13,000 सदस्यों के साथ सक्रिय है, जहां से धन हवाला के जरिए भारत भेजा जाता है। ये पैसे 29 ट्रस्टों और संबद्ध संस्थाओं के बैंक खातों में जमा किए गए हैं। ईडी ने अब तक पीएफआई के 26 शीर्ष पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया है और उनकी संपत्तियों को सीज किया है।

ईडी का कहना है कि पीएफआई का असली उद्देश्य भारत में इस्लामी आंदोलन को जिहाद के माध्यम से आगे बढ़ाना है, जबकि संगठन खुद को एक सामाजिक आंदोलन के रूप में प्रस्तुत करता है। यह खाड़ी देशों में रहने वाले प्रवासी मुस्लिमों के लिए जिला कार्यकारी समितियां भी स्थापित कर चुका है।

# 250 करोड़ की ड्रग्स जब्त



**गांधीनगर,21 अक्टूबर 2024 (ए)।** गुजरात में भरूच जिले के अंकलेश्वर जीआईडीसी क्षेत्र में स्थित अवसर एंटरप्राइज से 250 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई है। सूरत और भरूच पुलिस ने ज्वाइंट छापेमारी में 141 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की, जिसकी कीमत 14.10 लाख रुपये बताई जा रही है। जबकि 427 किलोग्राम संदिग्ध ड्रग्स को फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफ एसएल) में जांच के लिए भेजा गया है। अधिकारियों ने अवसर एंटरप्राइज के निदेशक विशाल पटेल और दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है।

## संपादकीय

### कड़वाहट को दूर करने में सहायता मिली

मोईजू ने उम्मीद जताई थी कि भारत मालदीव के आर्थिक बोझ को कम करने के लिए हमेशा तैयार रहेगा।' कहा जा सकता है कि भारत ने उनकी उम्मीदें पूरी की हैं। पड़ोसी देशों के भारत से छिटकने के इस दौर में यह एक स्वागत-योग्य घटनाक्रम है।मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोईजू की भारत यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में जारी कड़वाहट को दूर करने में सहायता मिली है। मोईजू ने राष्ट्रपति बनने के बाद एक राजनेता की तरह चुनावी सरगर्मी से विदेश नीति- खासकर भारत संबंधी नीति- को अलग करने की दिशा में ठोस प्रयास किए हैं। भारत सरकार ने भी आरंभ में सख्त रुख दिखाने के बाद अब संबंधों को संभालने को प्राथमिकता दी है। मालदीव छोटा-सा द्वीप है, लेकिन अपने भौगोलिक स्थिति के कारण महत्त्वपूर्ण है। पिछले राष्ट्रपति चुनाव को मोहम्मद मोईजू ने इंडिया आउट' अभियान की पीठ पर सवार होकर जीता था।भारत यात्रा के दौरान एक अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में उन्होंने उस अभियान को जन भावनाओं की अभिव्यक्ति बताया, लेकिन यह भी कहा कि उनकी विदेश नीति उस अभियान के प्रभाव से संचालित नहीं है। भारत सरकार ने भी बीती बातों को भुलाकर मालदीव से संबंधों के मामले में नई शुरुआत करने की जरूरत महसूस की। अनेक छोटे देशों की तरह मालदीव की भी अर्थव्यवस्था आर्थिक संकट से गुजर रही है। इस साल की पहली तिमाही में मालदीव का विदेशी ऋण 3.37 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो उसके जीडीपी के 45 प्रतिशत के बराबर है। उसका विदेशी मुद्रा भंडार भी काफी घट गया है।ऐसे में भारत ने मदद करने का फैसला किया। इस क्रम में भारत ने मुद्राओं की अदला-बदली के समझौते की घोषणा की, जिसके तहत भारत मालदीव को 40 करोड़ डॉलर के अलावा 30 अरब रुपयों की मदद भारत देगा। मोईजू ने इसके लिए भारत का आभार जताया है। गौरतलब है कि भारत आने से पहले मोईजू ने एक विदेशी टीवी चैनल से बातचीत में कहा था कि भारत को उनके देश की वित्तीय हालत की पूरी जानकारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मालदीव के सबसे बड़े विकास साझेदारों में से एक होने के नाते भारत हमेशा हमारे बोझ को कम करने के लिए तैयार रहेगा।' कहा जा सकता है कि भारत ने उनकी उम्मीदें पूरी की हैं। पास-पड़ोस में एक-एक कर देशों के भारत से छिटकने के इस दौर में यह एक स्वागत-योग्य घटनाक्रम है।

# विमान उड़ाने की धमकी,रेल पटरियों पर अवरोध और हिन्दू त्यौहारों पर हमले

## भय आतंक और तनाव फैलाकर भारत की प्रगति अवरुद्ध करने का षड्यंत्र

**» यदि यह तनाव और भय का माहौल लंबे समय तक जारी रहा,तो निःसंदेह भारत की विकास गति प्रभावित होगी,जो अंतरराष्ट्रीय शक्तियाँ चाहती हैं...**

पूरे देश में स्कूलों, हवाई अड्डों, और विमानों को बम से उड़ाने की धमकियाँ,रेल पटरियों पर डेटोनेटर, लकड़ी के गट्ठर, और गैस सिलेंडर मिलने की घटनाएँ बढ़ रही हैं। इसके साथ ही हिन्दू त्यौहारों पर हमले भी तेज़ हो गए हैं। यह भारतीय समाज में भय, आतंक और तनाव फैलाकर देश की प्रगति अवरुद्ध करने की एक नयी साजिश है। इसमें भारत विरोधी अंतरराष्ट्रीय ताकतों और देश के भीतर की शक्तियों का गठजोड़ नज़र आता है।

दुर्गा विसर्जन में हुई पथराव की घटनाओं और बहराइच में हुई क्रूर हत्या के दर्द से देश उबरा भी नहीं था कि भारतीय विमानों को उड़ाने की धमकियाँ आने लगीं। दुर्गा विसर्जन से शरद पूर्णिमा तक के चार दिनों में कुल उन्नीस धमकियाँ मिलीं। सुरक्षा के लिए सात उड़ानों को स्थगित या आपात लैंडिंग करनी पड़ी, जिनमें कुछ विदेशी उड़ानें भी शामिल थीं। हालाँकि विमानों को उड़ाने की धमकियाँ पहले भी आई हैं, लेकिन पिछले छह महीनों से भारतीय समाज में आतंक और तनाव फैलाने वाली घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है।

**इन घटनाओं को तीन प्रकार में वर्गीकृत किया जा सकता है:-**

1. **स्कूल, अस्पताल, विमानों और हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकियाँ, जो सोशल मीडिया या ईमेल के माध्यम से दी गईं।**
2. **रेल पटरियों पर डेटोनेटर, गैस सिलेंडर, पत्थर, लकड़ी के गट्ठर, या लोहे की रॉड रखकर दुर्घटनाएँ करने के प्रयास।**
3. **हिन्दू त्यौहारों पर हमले।**

पिछले छह महीनों में इन घटनाओं की संख्या और क्रूरता दोनों में इजाफा हुआ है। हमले और पथराव का क्रम कांवड़ यात्राओं से शुरू होकर गणेशोत्सव और दुर्गा उत्सव में लगातार बढ़ता गया। दुर्गा उत्सव के दौरान प्रतिदिन पथराव की खबरें आईं। कुछ घटनाओं में हमलावरों ने झाँकियों में घुसकर प्रतिमाओं को खंडित किया और महिलाओं पर हमले किए। बहराइच में हमलावरों की क्रूरता ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। हमलावरों ने युवक के शरीर पर भयंकर घाव दिए और उसके पैरों के नाखून तक उखाड़ दिए। अन्य घटनाओं में पथराव, लाठी, गोली, चाकू और रॉड का खुलकर इस्तेमाल हुआ।

यह सब तब हो रहा है जब भारत एकजुट होकर विकास की नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। आर्थिक समृद्धि से लेकर अंतरिक्ष में नये कीर्तिमान स्थापित करने तक, भारत वैश्विक स्तर पर अपनी साख बढ़ा रहा है। गाजा पट्टी और यूक्रेन-रूस युद्ध में मध्यस्थता के लिए दुनिया भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से पहल की अपेक्षा कर रही है। यह प्रगति सिर्फ शुरुआत है, लक्ष्य 2047 तक भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने का है। प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि भारत की स्वतंत्रता की शताब्दी वर्षगांठ तक, भारत विश्व में शीर्ष स्थान पर प्रतिष्ठित हो।




लेकिन,जब पूरे देश को एकजुट होकर इस प्रगति यात्रा में साथ देना चाहिए, तब बम धमकियों, रेल दुर्घटनाओं और हिन्दू त्यौहारों पर हमलों से भय और तनाव का माहौल बनाया जा रहा है। यह संयोग नहीं हो सकता कि यह भारत की विकास गति को अवरुद्ध करने की एक साजिश हो। इन घटनाओं में एक गहरा षड्यंत्र दिखाई देता है, जो भारत के विकास को बाधित करने के उद्देश्य से हो रहा है।

इन घटनाओं का केंद्र विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, बंगाल, असम, राजस्थान, झारखंड, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, और गुजरात में है। इन सभी राज्यों के समाज जीवन में बहुत विविधता है, लेकिन तनाव फैलाने वाली घटनाओं की शैली समान है।

रेल पटरियों पर अवरोध खड़ा करने की शुरुआती घटनाओं में पुलिस ने कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया, लेकिन बाद की घटनाओं में हमलावरों ने अधिक सावधानी बरती। इसी तरह, बम से उड़ाने की धमकियाँ भी योजनाबद्ध तरीके से दी गईं, जिनमें अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का इस्तेमाल किया गया ताकि आरोपी आसानी से पकड़ में न आ सकें।

### विभिन्न शक्तियों का गठजोड़

किसी भी परिवार, समाज या राष्ट्र की प्रगति के लिए एकजुटता आवश्यक है। लेकिन अगर समाज में तनाव, भय, और टकराव होता है, तो विकास सबसे पहले प्रभावित होता है। पिछले दस वर्षों में भारत ने जो विकास गति पकड़ी है, उससे देश की आत्मनिर्भरता बढ़ी है और आयात घटा है। भारतीय तकनीक का प्रभाव इतना है कि अब दुनिया के 15 देश अपने उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के लिए भारत की सहायता ले रहे हैं। इससे चीन समेत कई देशों के साथ अमेरिका और कनाडा की लॉबी भी चिंतित है। बांग्लादेश के सत्ता परिवर्तन के दौरान यह लॉबी सक्रिय रही, जहाँ छात्र आंदोलनों की आड़ में कट्टरपंथियों ने हिन्दू मंदिरों और बस्तियों पर हमले किए। सत्ता परिवर्तन के बाद दुर्गा उत्सव पर हमलों और हत्याओं की 35 बड़ी घटनाएँ हुईं। इसे सामान्य नहीं माना जा सकता कि बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की सफलता के बाद ही भारत में हमलों में तेजी आई है।

भारत में भी दो प्रकार की धाराएँ सक्रिय हैं: एक वह राजनैतिक धारा, जो सनातन धर्म और परंपराओं को समाप्त करना चाहती है, और दूसरी कट्टरपंथियों की धारा, जो मुसलमानों में आक्रामकता और अलगाव बनाये रखने की कोशिश कर रही है। यह प्रक्रिया न केवल भारत में बल्कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, और अफगानिस्तान समेत अन्य पड़ोसी देशों में भी देखी जा रही है।

पाकिस्तान और बांग्लादेश के सत्ता परिवर्तन के बाद भारत में कट्टरपंथी गतिविधियों में तेजी आई है। इन घटनाओं से कट्टरपंथियों और अंतरराष्ट्रीय शक्तियों को लाभ हुआ है, जो भारत की प्रगति को अवरुद्ध करना चाहते हैं। पिछले छह महीनों में हुई घटनाओं से दोनों का उद्देश्य सफल होता दिख रहा है। हिन्दू त्यौहारों पर हमलों से साम्प्रदायिक तनाव बढ़ा, रेल पटरियों पर अवरोधों ने समाज में भय उत्पन्न किया, और विमान उड़ाने की धमकियों ने प्रशासन को बचाव की स्थिति में ला दिया।

यदि यह तनाव और भय का माहौल लंबे समय तक जारी रहा, तो निःसंदेह भारत की विकास गति प्रभावित होगी, जो अंतरराष्ट्रीय शक्तियाँ चाहती हैं। इसलिए पूरे समाज को संगठित, जागरूक और समरस बने रहने की आवश्यकता है ताकि देश विरोधी शक्तियों का षड्यंत्र विफल हो सके। संगठित और सुदृढ़ समाज ही देश विरोधी ताकतों का सामना कर सकता है।

**-रमेश शर्मा-**

## गांधी विपक्ष के हैं तो पक्ष के भी हैं

बनारस में जमीन मुद्दे पर सर्व सेवा संघ अहिंसक संघर्ष का नया अध्याय गढने् में लगा है। विकास की चकाचौंध दर्शाने के चक्कर में सरकारी प्रशासन तंत्र वहां की जमीन हड़पने में लगा। महात्मा गांधी के जाने के बाद विनोबा भावे और उनके साथियों ने गांधी विचार के प्रसार-प्रचार के लिए बनारस में सर्व सेवा संघ-साधना केन्द्र बनाया था।गांधी विपक्ष के हैं तो पक्ष के भी हैं। सत्ता के हैं तो शासित के भी हैं। गांधी अगर विरोधी के हैं तो निर्विरोधी के भी हैं। कांग्रेस के गांधी हैं, तो भाजपा के व आप के भी गांधी हैं। समतावाद के गांधी हैं तो समाजवाद के भी। दक्षिणपंथी के गांधी हैं तो वामपंथी के भी। दलित के भी और सवर्ण के भी गांधी हैं। आस्तिक के गांधी हैं तो नास्तिक के भी हैं। आध्यात्म के गांधी हैं तो वस्तुवाद के भी। सेवानीति के गांधी हैं तो राजनीति के भी हैं। मानव के हैं तो समाज के भी गांधी हैं। सर्वपंथ प्रार्थना करने वाले के गांधी हैं तो सर्वोदय के लिए उपवास करने वाले के भी गांधी हैं। गांधी व्यक्ति भी हैं और महात्मा भी। यहां भी हैं और वहां भी। देश में हैं तो विदेश में भी हैं। यानी गांधी सर्वव्यापी हैं। और व्यक्तिवादी भी। संघर्ष में गांधी हैं तो सहमति में भी गांधी हैं।÷पहले वे तुमको अनदेखा करेंगे। फिर तुम पर हंसेंगे। तुमसे लड़ेंगे, तोड़-फोड़ व मार-पीट करेंगे। मगर फिर जीत तुम्हारी होगी। सत्य के आग्रह का यह मंत्र महात्मा गांधी ने न्यायपूर्ण, अहिंसक संघर्ष के लिए पूरे संसार को दिया। बेशक सत्य स्थापित होने में सहनशीलता और समय लगता है।मगर सिर्फ समय से ही असत्य भी मिटता है। सत्य के लिए संघर्ष तो संयम, परिश्रम, त्याग और करुणा से ही हो सकता है। सत्याग्रह ही सत्य की कुंजी है। देश भर में दो अक्टूबर को गांधी जयंती नए होश, नए जोश और नए उत्साह में मनी। लेकिन आज गांधीजी के अहिंसा के विचार को विश्वशांति के लिए प्रस्तुत करने के बजाए सरकार कुशासन से पूर्ण-सत्ता कायम करने में ही लगी दिखती है।बनारस में जमीन मुद्दे पर सर्व सेवा संघ अहिंसक संघर्ष का नया अध्याय गढने् में लगा है। विकास की चकाचौंध दर्शाने के चक्कर में सरकारी प्रशासन तंत्र वहां की जमीन हड़पने में लगा। महात्मा गांधी के जाने के बाद विनोबा भावे और उनके साथियों ने गांधी विचार के प्रसार-प्रचार के लिए बनारस में सर्व सेवा संघ-साधना केन्द्र बनाया था।उत्तर रेलवे से नियमानुसार खरीदी जमीन का हस्तांतरण पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के प्रयास, डॉ राजेन्द्र प्रसाद की तकनीकी उपस्थिति और तत्कालीन रेलमंत्री जगजीवन राम की स्वीकृति से हुआ था। इसी परिसर में जेपी के प्रयास से एक विश्वस्तरीय शोध केन्द्र गांधी विद्या संस्थान भी बना। प्रकाशन विभाग से गांधी, विनोबा, जेपी, जेसी कुमारप्पा, दादा धर्माधिकारी, जे कृष्णमूर्ति, धीरेन्द्र मजूमदार, आचार्य राममूर्ति, नारायण देसाई, ठाकुरदास बंग एवं आचार्य शिवानंद जैसे विद्वान मनीषियों की पुस्तकें छपती रही।समाज में विचार के स्वतंत्र विकास में लगी संस्था पर सरकारी प्रशासन ने पिछले साल जुलाई-अगस्त में गैर कानूनी तरीके से जमीन पर कब्जा जमाया। प्रकाशन व शोध के काम में लगे लोगों के करने-रहने के भवन गिराए। वैचारिक विरासत को नष्ट किया। न्याय के लिए लड़ाई विरासत मुक्ति आंदोलन से शुरू हुई है। सौ-दिन का सत्याग्रह न्याय के दीप जलाएं' 11 सितंबर को विनोबा जयंती पर शुरू हुआ। जो गांधी जयंती, जेपी पुण्यतिथि व जयंती, विनोबा पुण्यतिथि, सरदार पटेल जयंती व मानवाधिकार दिवस मनाते हुए 19 दिसंबर तक चलेगा।कैसे भी अन्याय के विरोध में गांधी की अहिंसक लड़ाई प्रार्थना से शुरू और प्रार्थना पर ही समाप्त होती। दिन भर विरोध करने वालों का उपवास रहता। आपस में बातचीत होती। आते-जाते लोगों को मुद्दे के बारे में बताया जाता।

**-संदीप जोशी-**

# कांग्रेस तमाम आदर्श स्थितियों के बावजूद चुनाव हारी

हरियाणा के चुनाव नतीजों ने एक बार फिर प्रमाणित किया है कि कांग्रेस पार्टी जातीय राजनीति में प्रवेश कर तो गई है लेकिन उसकी जटिलताओं को समझ नहीं पा रही है और अगर समझ रही है तो उससे निपटने के उपाय उसको नहीं सूझ रहे हैं। राहुल गांधी ने अप्रैल 2023 से जाति जनगणना और आबादी के अनुपात में आरक्षण बढ़ाने का मुद्दा जोर शोर से उठाया है और उसके बाद से हरियाणा चौथा राज्य था, जहां कांग्रेस तमाम आदर्श स्थितियों के बावजूद चुनाव हारी।राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बाद हरियाणा में कांग्रेस की यह राजनीति विफल रही है। कह सकते हैं कि इस दौरान कांग्रेस कर्नाटक में चुनाव जीती और लोकसभा चुनाव में उसकी सीटों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ। लेकिन अगर लोकसभा के नतीजों को भी बारीकी से देखेंगे तो पता चलेगा, उसमें भी राहुल गांधी की जाति गणना कराने और आबादी के अनुपात में आरक्षण बढ़ाने के दांव का बहुत कम योगदान है। कांग्रेस को या तो दक्षिण भारत से सीटें मिली हैं या अन्य विपक्षी पार्टियों के साथ चतुराईपूर्ण गठबंधन की वजह से सीटें मिली हैं।सवाल है कि कांग्रेस का जाति गणना और आरक्षण बढ़ाने का दांव क्यों नहीं कामयाब हो रहा है? इसका मुख्य कारण यह है कि अन्य पिछड़ी जातियों यानी ओबीसी की राजनीति मंडल के दौर से बहुत आगे बढ़ चुकी है और कांग्रेस नेतृत्व न तो उसके इतिहास को समझ रहा है और न उसकी जटिलताओं को समझ रहा है। कांग्रेस नेतृत्व की तीन गलतियां बहुत स्पष्ट हैं। पहली, वह अभी तक ओबीसी को एक होमोजेनस समुदाय मान कर उसकी कॉमन अस्मिता की राजनीति कर रही है। दूसरी, मंडल के ऊपर कमंडल के असर का आकलन नहीं कर रही है और तीसरी राहुल गांधी चाहते हैं कि सिर्फ बातों से काम बन जाए। यानी वे भाषण दें और अच्छी अच्छी बातें कहें, उससे पिछड़ी जातियां कांग्रेस के साथ जुड़ जाएं। वे पिछड़ा नेतृत्व आगे किए



बगैर कांग्रेस नेतृत्व के पारंपरिक ढांचे में यह राजनीति कर रहे हैं।सबसे पहला मामला यह है कि पोस्ट मंडल यानी मंडल के बाद की राजनीति बहुत बदल गई है। कार्ल मार्क्स के द्वंद्वात्मक भौतिकवाद को पढने् समझने वालों को पता है कि कोई भी वाद या विचार स्थायी नहीं होता है। विचार के साथ ही प्रतिविचार का जन्म होता है और दोनों के द्वंद्व से एक संविचार यानी पहले से परिष्कृत विचार का जन्म होता है। सो, मंडल की राजनीति के मजबूत होने पर इसके अंदर ही टकराव और बिखराव शुरू हुआ। इसको वर्गीकरण के रूप में समझ सकते हैं। हालांकि जैसे अभी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अनुसूचित जातियों में वर्गीकरण का मामला तूल पकड़े हुए है उस तरह पिछड़ी जातियों में नहीं हुआ लेकिन बिहार और कुछ अन्य जगहों पर पिछड़ा और अति पिछड़ा के तर्ज पर सरकारी नौकरियों और दाखिले में वर्गीकरण दिखाई दिया। साथ ही राजनीतिक स्तर पर इसका दायरा ज्यादा व्यापक हुआ। कई जगह मजबूत पिछड़ी जातियों के खिलाफ कमजोर पिछड़ी जातियों की गोलबंदी हुई। एकसमान पिछड़ी अस्मिता की जगह कई अस्मिताओं का जन्म हुआ।जिस तरह से एक जमाने में अगड़ी जातियां पिछड़ी जातियों के लिए वर्ग शत्रु थीं उसी तरह मजबूत पिछड़ी जातियां कमजोर पिछड़ी जातियों के लिए वर्ग शत्रु हो गईं। बिहार में इसी दायरे को बढ़ा कर नीतीश कुमार ने इतने बरसों तक सफल राजनीति की। उन्होंने अगड़ा पिछड़ा के नैरेटिव में चुनाव नहीं जीते, बल्कि पिछड़ा बनाम अति पिछड़ा और दलित बनाम महादलित के नैरेटिव में चुनाव जीते। उत्तर प्रदेश के दो चुनावों में भाजपा की जीत इसी राजनीति का नतीजा थी। लेकिन 2024 में अखिलेश यादव ने सबक लिया और अगड़ा पिछड़ा के पुराने नैरेटिव को सफलतापूर्वक जीवित करने में कामयाब रहे। योगी आदित्यनाथ के राज की जातीय गौरव की कहानियों ने इसमें उनकी मदद की। बहरहाल, पोस्ट मंडल राजनीति में हुए इस सामाजिक वर्गीकरण को कांग्रेस नहीं समझ पा रही है या समझ रही है तो इसके बेहतर राजनीतिक इस्तेमाल के लिए तैयार नहीं है। अगर वह इस सामाजिक वर्गीकरण को समझ ले और तमाम पिछड़ी जातियों की सत्ता में हिस्सेदारी की चाहना को समझ ले तो वह ज्यादा बेहतर ढंग से इसकी राजनीति कर पाएगी। उसे समझना होगा कि अब सत्ता का समीकरण बदल गया है। धरातल पर मौजूद सामाजिक टकरावों की राजनीति में भूमिका बढ़ी है और सिर्फ पिछड़ी जातियां ही नहीं, बल्कि कोई भी जाति होमोजेनस नहीं रह गई है।अगड़े पूरी तरह के अगड़ों की तरह या पिछड़े पूरी तरह से पिछड़ों की तरह वोट नहीं कर रहे हैं। जातियों की समरूपता टूटने से जटिलता बढ़ी है, जिसको भाजपा ने बेहतर ढंग से समझा है। इतना ही नहीं उसने जाति राजनीति को अलग अलग राज्यों में अलग अलग तरह से लागू किया है, जबकि राहुल गांधी एक साइज का जूता हर पैर में पहनाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा को पता है कि बिहार और यूपी में यादव उसका साथ नहीं देंगे तो उसने गैर यादव पिछड़ी जातियों को साथ जोड़ा लेकिन दूसरी तरफ मध्य प्रदेश और हरियाणा में ऐसा सामाजिक टकराव नहीं है तो वहां यादव के साथ साथ दूसरी पिछड़ी जातियों को भी अपने साथ मिला लिया। यह एक उदाहरण है। बाकी हर राज्य में भाजपा ने सामाजिक टकरावों को समझ कर जातियों का गणित बैठाया है।दूसरा मामला मंडल की राजनीति पर कमंडल के असर का है। तीसरा मामला राहुल गांधी की अनुभवहीनता का है, जिसमें वे समझते हैं कि सिर्फ पिछड़ों के हित की बात करने से पिछड़े साथ आ जाएंगे। अब पहले का जमाना नहीं है, जब सिर्फ बातों से वोट मिल जाते थे। अब कुछ करके दिखाना होता है। कांग्रेस इक्का दुक्का अपवादों के अलावा कहीं भी मजबूत पिछड़ा नेतृत्व नहीं उभार रही है। राहुल की पूरी टीम सवर्ण नेताओं से भरी है। इक्का दुक्का पिछड़े नेता हैं भी तो वे पिछड़ी जातियों में भरोसा नहीं पैदा कर पाते हैं। इसके उलट भाजपा हिंदुत्व और जाति दोनों की राजनीति को साध कर ज्यादा समावेशी हो गई है। सो, जाति राजनीति की जटिलताओं को समझे बगैर सिर्फ जाति की राजनीति करके राहुल गांधी कामयाब नहीं हो सकते हैं।

**-अजीत द्विवेदी-**

## कविता
### आई है शरद् ऋतु



अशोक पटेल
आशु
तुसमा
शिवरीनारायण, छत्तीसगढ़

आई है शरद ऋतु छाई सिहरन है।
प्रकृति में दिखते छबि कणकण है।
फूल-कली तरुवर दिखते मगन है।
हरी-भरी तृण में मोती कण-कण है।
बाग में बागीचों में रौनकता आई है।
चहुँ-दिसि सुरभित सुषमा समाई है।
डाली-डाली विहग-वृंद चहचहाई है।
तरु में तड़ाग में विहाग उड़ आई है।
भोर सुरम्य दिखे छबि मनोहारी है।
ओस की बूंदें झलके बड़ी प्यारी है।
फाहों की उड़ती दिखे धरा सारी है।
हिम की धवल-धरा दिखते न्यारी है।
जल में सरोवर में फुले दल-कमल है।
करते भ्रमण अलि तितली निश्चल हैं।
लगे मनमोहक अतिशय छबि दल है।
करते मकरंद मधु पान में ये मचल है।

## कविता
### जंगल की कटाई



घटती-घटना
मुकेश उईके
पाली,कोरबा (छत्तीसगढ़)

लूट रही धरती की हरियाली,
प्रकृति की सुंदरता निराली।
चंद रुपयों में बिक गए सारे,
कहाँ मिलेगी उनको खुशहाली।।
बिखर रहा पंछियों का बसेरा,
बन बैठे हैं शिकारी सँपेरा।
तरस खाओ उन बेजुबानों पर,
बनाओ कभी ना मौत का घेरा।।
जल जंगल है जीवन दाता,
धरती में बारिश है लाता।
कटने ना दो पेड़-पौधों को,
ऑक्सीजन दे प्राण बचाता।।
रोको अब जंगल की कटाई,
होगी तभी हम सब की भलाई।
कोपित होगी इक दिन प्रकृति,
करनी पड़ेगी इसकी भरपाई।।
घुलेगी प्रकृति में गैस विषैली,
नदी-नाले की पानी होगी मैली।
फिर वन संरक्षण के खातिर,
दिखावे के लिए होगी महारैली।।

# जमीनी स्तर पर नवाचार को प्रोत्साहित करना:सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यमों का युग

वर्तमान समय में, विश्व तीव्र गति से एक ऐसे तकनीकी भविष्य की ओर बढ़ रहा है, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता वैश्विक आख्यान का केंद्र बिंदु बन गया है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित विकसित भारत का लक्ष्य हमारे युवाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से आने वाले समुदायों, महिलाओं, दिव्यांगजनों, पूर्व सैनिकों और आर्थिक रूप से वंचित नागरिकों जैसे पारंपरिक रूप से कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों से उद्यमिता को एक व्यवहार्य कैरियर मार्ग के रूप में लेने के लिए प्रेरित करना है।उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम का विजन केवल कारोबार के सृजन तक ही नहीं, बल्कि इससे आगे तक जाता है। यह बेरोजगारी को संबोधित करने के साथ-साथ आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसके साथ ही, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सेक्टर में ऋण गारंटी योजना की घोषणा से प्रसन्नता की लहर है, जो मशीनरी के लिए 100 करोड़ रुपये तक के जमानत-मुक्त ऋण उपलब्ध कराती है और यह सीधे तौर पर किफायती ऋण तक पहुंच की महत्वपूर्ण चुनौती को संबोधित करती है तथा कारोबारियों को अपने व्यवसाय में उन्नत प्रौद्योगिकी में निवेश करने और उनकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए सशक्त बनाती है। ऋण के इस प्रजातंत्रीकरण से बहुत सारे छोटे और उभरते हुए व्यवसायों को लाभ पहुंचना तय है। यही कारोबार जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देंगे और इससे धन-संपत्ति का जो सृजन होगा, वह समाज के सभी वर्गों तक तेज़ी तक पहुंचेगा।इस वर्ष के केंद्रीय बजट में संकट की अवधि के दौरान ऋण सहायता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण व्यवस्था को शुरू किया गया है, जो सरकार-गारंटीड निधि द्वारा समर्थित है और ये व्यवसायों को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति बनने से रोकने में मदद करता है और समग्र आर्थिक



स्थिरता बनाए रखता है। तरुण श्रेणी के तहत उद्यमियों के लिए मुद्रा ऋण को दोगुना करके 20 लाख रुपये करना एक काफी बड़ा प्रोत्साहन है, जो व्यवसायों को बड़े पैमाने पर बढ़ाने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है। कम टर्नओवर सीमा और विस्तारित पात्रता के साथ व्यापार प्राप्य छूट प्रणाली में सुधार एमएसएमई के लिए तरलता और वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बनाता है। तीन वर्षों के भीतर सभी प्रमुख एमएसएमई समूहों में सिडबी शाखाओं का नियोजित विस्तार अधिक सुलभ वित्तीय सेवाओं का आश्वासन देती है, जिससे स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों और 100 एनएबीएल-मान्यता प्राप्त खाद्य गुणवत्ता और सुरक्षा परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा, उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार होगा और नए बाजार के अवसर खुलेंगे।पीपीपी मोड में ई-वाणिज्य निर्यात केंद्र का निर्माण एक और दूरदर्शी पहल है, जो एमएसएमई और पारंपरिक कारीगरों को वैश्विक बाजारों तक अधिक आसानी से पहुंचने और डिजिटल बदलाव तथा अंतर्राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है। फर्स्ट टाइमर्स योजना से, जो औपचारिक रोजगार क्षेत्रों में नए लोगों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के रूप में 15,000 रुपये तक एक महीने का वेतन प्रदान करती है, जो लगभग 210 लाख युवा कामगारों पर सकारात्मक प्रभाव डालता है, विनिर्माण क्षेत्र में नए कर्मचारियों को काम पर रखने के लिए प्रोत्साहन, पहले चार वर्षों के दौरान नियोक्ता और कर्मचारियों दोनों के लिए ईपीएफओ योगदान को कवर करता है, जिससे 30 लाख व्यक्तियों को लाभ पहुंचता है। सरकार सुरक्षा उपायों को संस्थागत बना रही है और युवाओं को उनकी अपार क्षमता के साथ भारत की प्रगति के इंजन को चलाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इसके साथ ही, नियोक्ता के कल्याण का भी ध्यान रखा जा रहा है, इस योजना के तहत नियोक्ताओं को एक लाख रुपये प्रति माह तक कमाने वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मी के लिए दो वर्ष के लिए 3,000 रुपये मासिक तक की प्रतिपूर्ति की जाती है, जिसका लक्ष्य 50 लाख नए कामगारों को रोजगार देना है।

**-सुश्री शोभा करंदलाजे-**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# कार्यों में लापरवाही की तो होगी कार्यवाही:उप मुख्यमंत्री साव

» शासन की मंशा अनुरूप आपसी समन्वय के साथ शहर के बेहतर विकास और जनहित में करें कार्य...

» ठोस कार्ययोजना के साथ संवारे अपने शहरी परिवार को...

» नगरी निकायों को विकास कार्यों हेतु 141.99 करोड़ एवं 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत निकायों को 44.34 करोड़ राशि की गई जारी....









- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरीय प्रशासन विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने सरगुजा संभाग के समस्त नगरीय निकायों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की मंशा अनुरूप आपसी समन्वय के साथ शहर के बेहतर विकास और जनहित में कार्य करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में सचिव, नगरीय प्रशासन डॉ. बसवराजु एस. और कलेक्टर श्री विलास भोसकर भी उपस्थित रहे।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बताया कि अधोसंरचना मद अंतर्गत सरगुजा संभाग के नगरी निकायों को विकास कार्यों हेतु 141.99 करोड़ राशि जारी की गई है इसी प्रकार 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत सरगुजा संभाग के निकायों को 44.34 करोड़ राशि जारी की गई है हमारी सरकार के गठन के बाद हमने राज्य के नगरीय निकायों को विकास कार्य हेतु लगभग 600 करोड रुपए तथा 15 वें वित्त आयोग मद में 1450 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। उन्होंने बैठक में सभी नगर निगमों के आयुक्तों एवं नगरीय निकायों के सीएमओ से राज्य स्तरीय बैठक में निकायों के संचालन, कार्य पद्धति और कार्यालय के रखरखाव पर दिए निर्देशों पर अमल की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आयुक्त और सीएमओ अपने शहर के मुखिया हैं और शहरवासी आपका परिवार है। मुखिया के तौर पर अपनी जिम्मेदारी समझें और परिवार पर नजर रखते हुए उनके हित में कार्य करें। शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचे। मुखिया के तौर पर अपने शहरी परिवार का पूरा लेखा-जोखा रखें। अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन निष्ठा से करें।

श्री साव ने समीक्षा बैठक में सख्ती से निर्देशित किया कि अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से समझें, काम में अरुचि और लापरवाही बिल्कुल अक्षम्य होगी। काम न करने वालों पर कार्यवाही अवश्य ही सुनिश्चित की जाएगी। सरकार की मंशा अनुरूप कार्य करें। शासन द्वारा निकायों के विकास हेतु पूरा सहयोग किया जा रहा है। अधिकारी उदासीन न रहें, उत्साह के साथ कार्य करें। कार्यप्रणाली में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इंजीनियरों को दो टूक निर्देशित किया कि कार्य में लेट-लतीफी न करें। शासन से मंगाई गई जानकारी और प्रस्ताव को व्यवस्थित रूप से भेजें।

### शहरों की छवि से बनती है प्रदेश की छवि

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि आगामी समय की मांग के अनुरूप कार्ययोजना तैयार कर काम करें जिससे लंबे समय तक लोगों को उन विकास कार्यों का लाभ मिले। नगरीय निकायों की छवि सुधारें। शहरों की छवि से प्रदेश की छवि बनती है। शहर को सुंदर और स्वच्छ रखें। सीएमओ एवं इंजीनियर आपसी समन्वय के साथ काम करें और प्रशासनिक व्यवस्था को बनाए रखें जिससे लोगों के हित में सहजता से कार्य हो सकें।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिंग हो बेहतर, रैंकिंग गिरी तो होगी कार्यवाही

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी जोर-शोर से करने सभी सीएमओ को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी निकायों की रैंकिंग बढ़े। उन्होंने सख्ती से कहा कि यदि रैंकिंग में गिरावट हुई, तो सीएमओ स्वयं जिम्मेदार होंगे, और उन पर कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यों पर फोकस करें। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समय पर सारी प्रक्रियाएं पूर्ण कर निर्धारित समय पर निर्माण कार्य पूर्ण किए जाएं। हम सभी को मिलकर छत्तीसगढ़ के मान-सम्मान और गौरव को बढ़ाना है, जो शहरों की बेहतर छवि से होगा। शहरों का सुव्यवस्थित विकास, स्वच्छता और सुंदरता सुनिश्चित करें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा कार्य करें, जो सरगुजा के विकास का उदाहरण बने, अपने कार्यालय, कार्यप्रणाली, कार्यालय परिसर में स्वच्छता, बेहतर आचरण और व्यवहार, इन बिंदुओं पर स्वयं को तैयार करें और शहरी परिवारों की सुविधाओं का ध्यान रखें। इससे शहर की अच्छी छवि बनेगी, जिससे प्रदेश की छवि बेहतर बनेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में अटल परिसर निर्माण हेतु स्थल चिन्हांकन की सभी सीएमओ से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी सीएमओ अपने प्रस्ताव शीघ्र संबंधित कलेक्टर को भेजें। दीपावली के तुरंत बाद इस पर काम शुरू करें। उन्होंने कहा कि स्थानांतरण आदेशों का 100 प्रतिशत पालन हो। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को इसका पालन सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में पूर्व में आयोजित किए गए जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के प्रत्येक निकाय की समीक्षा की गई है, प्रत्येक आवेदन के निराकरण को अपना दायित्व समझें। खानापूर्ति न करें। बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के अपर संचालक श्री पुलक भट्टाचार्य एवं क्षेत्रीय संयुक्त संयुक्त संचालक श्री एस.के. सुंदरानी सहित नगरीय निकायों के आयुक्त एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं इंजीनियर उपस्थित थे।

# गम्भीरता से करें कार्य,लापरवाही बर्दाश्त : अरुण साव

उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री अरुण साव सोमवार को जिला सरगुजा प्रवास पर रहे। उन्होंने विश्राम गृह अम्बिकापुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में सरगुजा सम्भाग अंतर्गत समस्त जिलों सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और बलरामपुर के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक और जल जीवन मिशन के संचालक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे भी समीक्षा बैठक उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सपना है, हर घर में शुद्ध जल पहुंचाना। उन्होंने सभी अधिकारियों को कहा कि आप सबको जो जिम्मेदारी मिली है उसके महत्व को ध्यान में रखकर काम करें। जल जीवन मिशन न तो परियोजना है न ही अभियान है, यह मिशन है और मिशन में कार्य करने का तरीका बदल जाता है। हमें नए उत्साह के साथ मिशन मोड पर कार्य करने की आवश्यकता है। हर एक योजना पर बारीकी से काम करना है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा के जल जीवन मिशन में सरगुजा सम्भाग के कार्यों की प्रगति सबसे धीमी है। उन्होंने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि गम्भीरतापूर्वक कार्य करें, कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। काम में केवल खानापूर्ति नहीं चलेगी, समस्या का स्थायी समाधान निकालें। उन्होंने कहा कि इस मिशन का महत्व जितना आम जनता के लिए है, उतना ही सरकार के लिए भी है। लोगों के घरों तक रोजाना 55 लीटर प्रति व्यक्ति पानी मुहैया कराना सुनिश्चित करें। आमजन को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, यह हमारी जिम्मेदारी है।

साव ने सभी कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठेकेदार पर कार्य न छोड़ें, इंजीनियर नियमित फील्ड पर जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में मौजूद क्रेडा के अधिकारियों से कहा कि क्रेडा की टीम पूरी तैयारी एवं गम्भीरता से काम करें। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों को समय पर काम पूर्ण करने के साथ ही अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने को कहा।

साव ने बैठक में जिलेवार शत-प्रतिशत एफएचटीसी कवरेज की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां कार्य पूर्ण हुए हैं वहां स्वयं जाकर जांच करें तथा लोगों से फीडबैक लें। जल जीवन मिशन के कार्य जहां पूर्ण हो चुके हैं, वहां योजना के प्रचार-प्रसार के साथ जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर जल उत्सव का आयोजन करें, ताकि लोगों में योजना के प्रति सकारात्मकता आए।

समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने विभागीय कार्यों की भौतिक और वित्तीय प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने जिलेवार अधिकारियों से विभागीय कार्यों की प्रगति पर चर्चा कर आवश्यकता एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति वाले जिलों को नवम्बर तक टारगेट पूरा करने निर्देशित किया। जल जीवन मिशन के अतिरिक्त मिशन संचालक श्री एस.एन. पाण्डेय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता डॉ. एम.एल. अग्रवाल तथा रायपुर व बिलासपुर जोन के मुख्य अभियंता भी बैठक में मौजूद थे।

# जनजातीय समाज अपनी समृद्ध पराम्पराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हमेशा से रहा है जागरुक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सोमवार को जनजातीय महापुरुषों के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन सहायक आयुक्त देवराम प्रसाद नागेश आदिवासी विभाग द्वारा किया गया। इअपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के बारे गलत धाराणायें आरोपित की गयी है जबकी जनजातीय समाज अपनी समृद्ध पराम्पराओं के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सदा से जागरुक रहा है, जनजातीय समाज ने जल,जंगल एवं सस्कृति की रक्षा के लिए असाधारण शौर्य एवं पराक्रम दिखाया है, हम सबको जनजाती महानायको के जीवन से प्रेरणा लेकर सकारात्मक दिशा में सामर्थ्य को लगाना चाहिए।

नागेश ने प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता का भी अवलोकन किया। नृत्य प्रतियोगिता में शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्रशिक्षणार्थीयों ने अपना प्रदर्शन प्रस्तुत किया जिसमें संस्था की प्राचार्य महोदया पूर्णिमा पटेल एवं अभिसारिका सिंह भी सम्मिलित रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की मुख्य अतिथि फुलेश्वरी पैकरा ने प्रशिक्षणार्थीयों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत कार्यक्रम के माध्यम से समाज में चेतना जागरण होता है एवं नृत्य प्रतियोगिता कि गुणवत्ता को देखकर सराहना व्यक्त किया।

प्रदर्शन कार्यक्रम कि संयोजक संतोष त्रिपाठी जी ने आभार व्यक्त किया एवं आगामी कार्यक्रम कि जानकारी देते हुए सबकी सहभागिता हेतु आग्रह भी किया।

इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य राजेश सोनी एवं कार्यक्रम के सहसंयोजक अनवील विमोन मिंज सहित संस्था के समस्त प्रशिक्षण अधिकारी, कर्मचारी और प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित रहे।

# दस्तावेज लेखक हड़ताल पर,रजिस्ट्री का काम नहीं होने से शासन को 40 लाख का नुकसान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

नए नियम के विरोध में दस्तावेज लेखक (मुख्तार) सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से रजिस्ट्री का काम नहीं हो सका। दस्तावेज लेखक व स्टाम्प विक्रेता संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि बीते महीने उनकी मांगो के निराकरण को लेकर प्रशासन ने 15 दिनों का समय तय किया था, लेकिन एक महीने बाद भी इस संबंध में कोई पहल नहीं की गई है। पत्र का जवाब देने की जगह नई-नई योजनाओं को लागू करने की जानकारी सामने आ रही है। उन्होनें कहा कि सुगम एप को लागू कर व्यक्ति द्वारा घर बैठे रजिस्ट्री कराने का प्रचार किया जा रहा है जो एक प्रकार से दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प विक्रेताओं को बेरोजगार किया जा रहा है। शासन से अपनी आजीविका की सुरक्षा की गारंटी के साथ पूर्व में दिये ज्ञापन में दर्शित



विभिन्न मांगो के साथ उन्हें पंजीयन विभाग में समायोजित किये जाने की मांग करते हुए 21 अक्टूबर से सरगुजा बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया के सभी दस्तावेज लेखक व स्टाम्प वेंडर प्रदेश कार्यकारणी के निर्देश पर प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। अनिश्चितकालीन हड़ताल के पहले दिन कलेक्टर परिसर में स्थित दस्तावेज लेखक कक्ष के बाहर दस्तावेज लेखक व स्टाम्प वेंडर बैठे रहे। मुख्तारों को बेरोजगार होने का डर सता रहा है। नया सुगम ऐप से रजिस्ट्री संपादित करने में अनेकानेक परेशानी की संभावना है। पूर्व में स्टाम्प वेंडर द्वारा कोषालय स्टाम्प बिकी को बंद कर ई-स्टाम्प चालू किए जाने से स्टाम्प वेंडर बेरोजगार हो गये हैं। इसी प्रकार दस्तावेज लेखक भी अपने को बेरोजगार होने के भय से भयभीत हैं। हड़ताल में मो. फारूक, संतोष गोयल निशांत रामलाल, सतेन्द्र, रामानंद, काशीनाथ, व अन्य सभी दस्तावेज लेखक व स्टाम्प वेंडर शामिल रहे। दस्तावेज लेखक व स्टाम्प वेंडर के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से अंबिकापुर उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री का कामा नहीं हो सका। पहले दिन एक भी रजिस्ट्री नहीं हो सका। इससे शासन को उप पंजीयक कार्यालय अंबिकापुर से शासन को लगभग 40 लाख रुपए से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। रिकॉर्ड के अनुसार यहां प्रति दिन 45-50 रजिस्ट्री का टारगेट है।

# जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट में पेश,अग्रिम जमानत आवेदन को न्यायालय ने किया निरस्त

- संवाददाता -
सूरजपुर,21 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

जिला सत्र न्यायालय सूरजपुर के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ. टी.एस.सी.) सूरजपुर कोर्ट में पेश अग्रिम जमानत आवेदन में सुनवाई करते हुए माननीय न्यायालय ने पुलिस के कार्य प्रणाली प्रश्न चिन्ह लगाते हुए जमानत आवेदन को अस्वीकार कर निरस्त किया। थाना प्रभारी प्रेमनगर के द्वारा चूंकि 10 वर्ष से उपर एवं आजीवन कारावास से दण्डनीय अपराध जिसमें कि 15 लाख रूपये का गबन होने से आर्थिक अपराध की श्रेणी में होते हुये भी आरोपीगणों को चेकलिस्ट पर छोड़ा गया है जो कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप नहीं होना प्रकट होता है। जिस हेतु माननीय न्यायालय ने जमानत आवेदन की एक प्रति महानिरीक्षक अम्बिकापुर एवं पुलिस अधीक्षक सूरजपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित किया है कि संबंधित थाना प्रभारीयों एवं चौकी प्रभारीयों को यह निर्देशित करें कि वह माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पारित न्यायदृष्टांत सतेन्द्र कुमार अंटिल विरूद्ध दिये दिशा निर्देशों के अनुरूप ही चेकलिस्ट का प्रयोग करते हुए संबंधि आरोपी को जमानत का लाभ विशिष्ट कारण उल्लेखित करते हुये ही प्रदान करें।




मामला थाना प्रेमनगर में दर्ज अंतर्गत से संबंधित है। छ0ग0 शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में ग्राम पंचायत वृदावन में 05 नग वर्किंग शेड का निर्माण कार्य हेतु ग्राम पंचायत वृदावन को ऐजेंसी बनाया गया था. किन्तु ग्राम पंचायत द्वारा स्वय कार्य न कराकर निर्माण कार्य को ठेकेदार के माध्यम कराया जा रहा था। आरोपीगणों द्वारा उच्च अधिकारियों को बिना सूचना दिये, बिना प्रस्ताव पारित करवाये ही पंचायत के खाते से 15 लाख रूपये गबन कर लिया गया। 15 लाख रूपये के आर्थिक अपराध में थाना प्रभारी प्रेमनगर द्वारा आरोपीगणों को चेकलिस्ट पर छोड दिया गया था, जबकि आरोपित अपराध 10 वर्ष से उपर या उम्र कैद की सजा से दण्डनीय है यहां यह भी उल्लेखनीय है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार यदि किसी आरोपी को चेकलिस्ट पर छोड़ा जाता है तो उसे न्यायालय के समक्ष या संबंधित पुलिस अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत होने बाबत् नोटिस दिया जाना आवश्यक है।

माननीय न्यायालय द्वारा अपने आदेश में यह भी उल्लेखित किय गया है कि चेकलिस्ट निरस्त होने कराये जाने के बाद भी थाना प्रभारी प्रेमनगर द्वारा आरोपीगणों को गिरफ्तार करने हेतु आज तक कोई सार्थक प्रयास नही किया गया है जो कि निश्चित तौर पर आरोपीगणों को बचाने का प्रयास होना प्रकट होता है।

## जर्जर सडक़ की मरम्मत की मांग को लेकर कांग्रेस का चक्काजाम आज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

जर्जर सारगांव-घंघरी मार्ग के निर्माण और मरम्मत की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी मंगलवार को शिवमंदिर चौक सारगांव में चक्काजाम करेगी। सारगांव से घंघरी होकर बकनाखुर्द को जाने वाली पी एम जी एस वाई मार्ग पूर्णत- जर्जर हो चुका है। आये दिन इस जर्जर मार्ग के कारण हो रही दुर्घटनाओं से इस क्षेत्र के ग्रामीण आहत हो रहे हैं। 2023 के बजट में इस मार्ग के नवीनीकरण की स्वीकृति के बावजूद पी एम जी एस वाई इसकी सुध नहीं ले रहा है।

इस विभाग को जगाने के लिए कांग्रेस ने चक्काजाम का निर्णय लिया है। कांग्रेस मंगलवार को दोपहर 12 से 2 बजे के बीच चक्का जाम के बाद भी संबंधित विभाग ने सडक़ के मरम्मत का काम नहीं किया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा।



# नेतन्याहू और उनकी पत्नी की हत्या की कोशिश!

## इजरायल आखिर ड्रोन अटैक को नाकाम क्यों नहीं कर पाता ?

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर 2024।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के प्रॉक्सी हिजबुल्लाह ने शनिवार को कैसरिया शहर में उनके घर की तरफ ड्रोन से हमला कर उनकी और उनकी पत्नी की हत्या करने की कोशिश की थी। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ,लेकिन इस घटना ने एक बार फिर इस बात को उजागर कर दिया कि भले ही इजरायल के पास अत्यधिक एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम है लेकिन वो ड्रोनों से सुरक्षित नहीं है।

पिछले हफ्ते, उत्तरी इजरायल में एक आर्मी बेस पर हिज्बुल्लाह ने ड्रोन हमला किया था जिसमें चार सैनिक मारे गए थे. उस दौरान न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि इजरायल की एयर डिफेंस सिस्टम आयरन डोम, डेविड्स स्लिंग, ऐरो का ड्रोन का रोक पाना क्यों मुश्किल है-

इजरायल के पास मिसाइलों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए दुनिया की सबसे बेहतरीन प्रणाली है जो 1,000 मील प्रति घंटे से अधिक तेज गति से यात्रा कर सकती है. लेकिन इसके रडार सिस्टम को मानव रहित विमानों (जिसमें ड्रोन शामिल हैं) का पता लगाना अधिक चुनौतीपूर्ण लगता है, जो कभी-कभी 100 मील प्रति घंटे से भी धीमी गति से चलते हैं।

ड्रोन अक्सर कम धातु से बने होते हैं और तेज गति वाले रॉकेट और गोले की तुलना में कम गर्मी पैदा करते हैं. इससे उनको हमेशा डिटेक्ट नहीं किया जा सकता. ड्रोन जब हवा में दिखते हैं तो दुश्मन के ड्रोन को कभी-कभी इजरायली विमान समझ लिया जाता है। इजरायल में कई छोटे निजी विमान चलते हैं और वो ड्रोन की तरह ही कम ऊंचाई और गति से उड़ते हैं।



इजरायली वायु सेना में ड्रोन विभाग के पूर्व प्रमुख ओफर हारुवी कहते हैं, इजरायल ही नहीं बल्कि पश्चिमी दुनिया में हमारे पास जितने भी सिस्टम हैं, वे सभी नियमित लड़ाकू विमानों और मिसाइलों से हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। हमें एयर डिफेंस सिस्टम के कुछ हिस्सों को फिर से डिजाइन करने की जरूरत है ताकि वे धीमी गति से चलने वाले टारगेट को देख सकें, उनका पता लगा सकें और उन्हें ट्रैक कर सकें।

### इजरायल के एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने में मदद करेगा अमेरिका

इजराइल का आयरन डोम एंटी-रॉकेट सिस्टम गाजा पट्टी और लेबनान से दागे जाने वाले ज्यादातर रॉकेट को नष्ट कर देता है. इसका Arro2 3 इंटरसेप्टर भी काफी दमदार है. अप्रैल में और फिर इस महीने ईरान की तरफ से दागी गई बैलिस्टिक मिसाइलों के दो बड़े हमलों को रोकने में Arro2 3 काफी मददगार रहा था।

इजरायल के एयर डिफेंस सिस्टम को और मजबूत करने के लिए अमेरिका ने रविवार को कहा कि वो इजरायल को एक और एंटी-मिसाइल सिस्टम, टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस सिस्टम, या THAAD भेजेगा।

लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि इजरायल को अपने ड्रोन रोधी सिस्टम में सुधार की जरूरत है. ड्रोन को डिटेक्ट करने की सिस्टम डिजाइन करने वाली कंपनी क्र2वायरलेस के प्रमुख ओन फेनिग कहते हैं कि ड्रोन डिटेक्टिंग सिस्टम मुख्य रूप से रडार पर निर्भर करता है जिसे एक सिग्नल भेजकर और फिर सिग्नल से टकराकर आने वाली आवाज से विमानों जैसी अपेक्षाकृत बड़ी धातु की वस्तुओं का पता लगाने के लिए डिजाइन किया गया है।

इजरायली सेना के साथ मिलकर काम करने वाली कंपनी के मालिक ने आगे कहा कि इसके लिए अन्य विकल्प भी हैं, जिनमें रिसेप्टर्स शामिल हैं. रिसेप्टर्स ड्रोन की निकल रही रेडियो तरंगों का निष्क्रिय रूप से पता लगाते हैं।

फेनिग ने कहा कि इन सभी सिस्टम के अपने फायदे और कमियां हैं और इजरायल को अधिक मजबूत ड्रोन डिटेक्ट सिस्टम बनाने के लिए इन सभी पर काम करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, ऐसा कोई जादुई समाधान नहीं है, जिसे अगर लागू किया जाए, तो आपकी सारी समस्याएं हल हो जाएंगी. लेकिन हमें मानसिकता में पूरी तरह बदलाव की जरूरत है।

## पुतिन-किम जोंग की दोस्ती लाएगी तबाही जेलेंस्की ने बढ़ती नजदीकी को लेकर चेताया

**कीव,21 अक्टूबर 2024।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोल्डिमीर ज़ेलेंस्की ने रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ती नज़दीकियों को लेकर चिंता जताई है। जेलेंस्की ने कहा है कि इन नजदीकियों से यूक्रेन और रूस के बीच चल रही जंग और बढ़ सकती है। ज़ेलेंस्की ने दुनिया के देशों से इस दोस्ती को रोकने की अपील की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए ज़ेलेंस्की ने लिखा, ÷एक नया ख़तरा सामने है- रूस और उत्तर कोरिया के बीच दोस्ती। उत्तर कोरिया रूस को सैनिक भेज रहा है। जेलेंस्की ने आगे कहा कि यूक्रेनी सरकार इस बढ़ते



ख़तरे से निपटने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय साझेदारों से निष्पक्ष प्रतिक्रिया देने की उम्मीद करती है।


उन्होंने कहा, ÷दुर्भाग्य से एक बार जब उत्तर कोरिया आधुनिक युद्ध की रणनीति सीख लेगा तो खतरा और बढ़ सकता है। हमारे पास साफ डेटा है जो दिखाता है कि उत्तर कोरिया रूस को लोगों की आपूर्ति कर रहा है और ये सिर्फ़ मजदूर नहीं हैं बल्कि सैनिक हैं। हम इस मामले में अपने साझेदारों से उचित और निष्पक्ष प्रतिक्रिया की उम्मीद करते हैं।

जेलेंस्की ने आगे कहा, यह यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में शामिल होने वाला एक और देश है। इस मुद्दे पर जल्द जल्द से जल्द बातचीत होनी चाहिए। हमें जवाब देने की जरूरत है। हम बुराई को बढ़ने नहीं दे सकते। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने यूक्रेन में बढ़ते जंग के बारे में चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उत्तर कोरियाई सैनिक मैदान में हैं तो इससे सिर्फ तबाही बढ़ेगी और इससे दुनिया के किसी भी देश को फायदा नहीं मिलेगा।

## हमास के साथ जंग में इजरायल को बड़ा झटका

### उत्तरी गाजा में सेना के ब्रिगेड कमांडर की मौत,टैंक से निकलते ही हुआ विस्फोट

**यरुशलम,21 अक्टूबर 2024।** उत्तरी गाजा में हमास के खिलाफ अभियान के दौरान रविवार 20 अक्टूबर को विस्फोट में इजरायली सेना के एक ब्रिगेड कमांडर की मौत हो गई है। इजरायली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि 401वीं ब्रिगेड के कमांडर कर्नल अहसान दक्सा जबालिया क्षेत्र में मारे गए हैं। अपने टैंक से निकलने के बाद वह एक विस्फोटक की चपेट में आ गए। वह साल भर से चल रहे गाजा युद्ध में मारे गए इजरायली सेना के सबसे



वरिष्ठ कमांडरों में से एक थे।

#### अभियान के दौरान हुई मौत

41 साल के दक्सा इजरायल के द्रूज समुदाय के सदस्य थे और उन्हें चार महीने पहले ब्रिगेड कमांडर नियुक्त किया गया था। उनकी ब्रिगेड जबालिया में एक अभियान का नेतृत्व कर रही थी। हगारी ने कहा कि घटना में एक अन्य बटालियन कमांडर और दो अधिकारी घायल हुए हैं। इजरायल के रक्षा मंत्री ने बयान जारी कर कहा कि दक्सा %हमास आतंकवादियों से लड़ते हुए% मारे गए। उन्होंने कहा, %वे क्षेत्र का निरीक्षण करने बाहर निकले और विस्फोटक से घायल हो गए।

#### जबालिया में इजरायली सेना का अभियान

इजरायली सेना ने 6 अक्टूबर को जबालिया और उत्तरी गाजा के अन्य हिस्सों में जमीनी और हवाई हमला शुरू किया था। सेना का कहना है कि उसका उसका उद्येश्य हमास के आतंकवादियों को फिर से संगठित होने से रोकना है। हमास द्वारा संचालित क्षेत्र की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि दो सप्ताह से जारी हमले में 400 से अधिक लोग मारे गए हैं।

कर्नल दक्सा को 2006 में लेबनान के हिजबुल्लाह के खिलाफ युद्ध में घायल सैनिकों को बचाने के लिए सम्मानित किया गया था। इजरायली सेना एक बार फिर हिजबुल्लाह के खिलाफ जंग में है। इजरायल के राष्ट्रपति ने दक्सा को एक नायक बताया। दक्सा की मौत के साथ ही 27 अक्टूबर 2023 को गाजा में जमीनी हमला शुरू करने के बाद से इजरायल के मारे गए सैन्यकर्मियों की संख्या 358 हो गई है।

## जेसीसी नेता के भाई को गोली मारने वाले दो आरोपी सहित हथियार सप्लायर गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र ह ग्राम पंचायत देवसरा खुर्द के जंगल में ानिवार शाम बाइक सवार युवकों द्वारा क किसान को गोली मारने की घटना में ुलिस ने 02 आरोपियों सहित हथियार की प्लाई करने वाले 02 लोगों को भी ोरफ्तार किया है। वारदात की मुख्य वजह ुराना जमीन विवाद था, जिससे दोनों में ाफी समय से रंजिश बनी हुई थी।



#### घायल किसान वासुदेव यादव फाइल फोटो



बलरामपुर पुलिस से मिली जानकारी नुसार प्रार्थी राकेश यादव पिता श्याम ुरारी यादव, निवासी ग्राम परेवा, थाना ांकरगढ़ ने 19 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज राया कि शनिवार को शाम करीब 05:30 बजे परसाढ़ोढ़ी टमाटर खेत में ेबर से काम कराकर वापस अपने घर रेवा जा रहा था, उसी समय गुलरहिया ुलिया के पास एक व्यक्ति काले रंग की बेना नंबर की एचएफ डिलक्स मोटर ायकल लेकर खड़ा था। जो गाड़ी को बनाने जैसी हरकत कर रहा था। तब वह अपनी जीप गाड़ी को उसे देखने के लिए रोका, परिचित का नहीं होने पर अपने जीप गाड़ी से घर चला गया।

घर पहुंचते ही शाम करीब 06 बजे बड़े भाई संजू यादव ने फोन कर बताया कि बड़े पापा किसान वासुदेव यादव को कोई अज्ञात व्यक्ति भुकुड्डुवारी जंगल के पास बन्दूक से गोली मारकर घायल कर दिया है। जिससे किसान वासुदेव यादव के दाहिने हाथ एवं कोहनी के पास तथा बायां सीना के नीचे चोट लगी है।

#### गिरफ्तार आरोपी

वह घटना स्थल पर पहुंच कर अपने बड़े पापा घायल वासुदेव यादव को उठाकर अपने जीप में शंकरगढ़ अस्पताल में ईलाज के लिए ले जाते समय घटना के बारे में वासुदेव से पूछने पर उन्होंने सारी बात बताई। पुलिया के पास खड़े मोटरसायकल चालक मेरे पीछे आने लगा और मेरे पास पहुंच कर बन्दूक से मुझे गोली मार दिया और मुझे घायल कर दोनों अपने मोटरसायकल से भाग गए। मामले में थाना शंकरगढ़ में अपराध क्रमांक 175/2024 धारा 109, 3 (5), बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए बलरामपुर पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने तत्काल शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बलरामपुर के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम को घटना स्थल पर रवाना किया। इसी तारतम्य में विशेष पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात फरार आरोपियों को 24 घंटे के भीतर हिरासत में लिया।

पूछताछ में पता चला कि, आरोपी एवं आहत वासुदेव यादव के मध्य पुराना जमीन विवाद था जिससे दोनों में रंजिश बनी रहती थी। जिसकी वजह से आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपियों के साथ पिस्टल सप्लाई करने वाले 02 लोगों को भी पुलिस ने पकड़ा है।

#### गिरफ्तार आरोपी और बरामद सामग्री

आरोपियों में सुकेश यादव पिता जंगीराम यादव, 22 वर्ष, निवासी ग्राम परेवा, थाना शंकरगढ, संतोष पैकरा उर्फ बोखा पिता स्व. भदेश्वर 25 वर्ष, निवासी गिरजापुर, थाना शंकरगढ़, विश्वनाथ पैकरा पिता स्व. भदेश्वर 28 वर्ष, निवासी गिरजापुर, थाना शंकरगढ़, अश्विनी चौबे पिता सत्यनारायण चौबे 28 वर्ष, सिचाई कालोनी, डाल्टेनगंज, पलामू, झारखंड शामिल है।

घटना में उपयोग किए गए एक नग पिस्टल, 04 नग खाली खोखा, एक मैग्जीन, दो नग जिन्दा राउंड (घटना से संबंधित पिस्टल की), एचएफ डिलक्स काले एवं लाल रंग की मोटरसायकल, हीरो पैशन-प्रो मोटरसाइकिल, एक मोबाईल फोन बरामद किया गया है।

आरोपियों की गिरफ्तारी में बेहतरीन कार्यकुशलता, व्यवसायिक दक्षता एवं आपसी ताल-मेल का नमूना पेश करने वाली विशेष पुलिस टीम में याकूब मेमन, एसडीओपी रामानुजगंज, निरीक्षक जितेन्द्र सोनी थाना प्रभारी शंकरगढ़, निरीक्षक संतलाल आयाम थाना प्रभारी रघुनाथनगर, निरीक्षक भारद्वाज सिंह थाना प्रभारी राजपुर, उपनिरिक्षक सुभाष कुजूर, चौकी प्रभारी बरियों, उपनिरिक्षक विमलेश सिंह, थाना प्रभारी पस्ता, उपनिरिक्षक गजपति मिर्रे थाना शंकरगढ़, सहायक उपनिरिक्षक अश्विनी सिंह चौकी प्रभारी विजयनगर, सहायक उपनिरीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा थाना चाँदो, प्रधान आरक्षक शीपक रंजन शर्मा चौकी गणेशमोड़ सहित साइबर टीम एवं थाना शंकरगढ़ पुलिस स्टॉफ शामिल रहे।

## पूर्व मंत्री अमरजीत भगत एवं पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम का अभिनन्दन किया ग्रामीणों ने



- संवाददाता -
बलरामपुर,21 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के राजपुर विकासखंड में बीती रात पूर्व मंत्री श्री अमरजीत भगत एवं पूर्व विधायक डॉ प्रीतम राम ग्राम मदनेश्वरपुर पहुंचे जहां कांग्रेसी नेता बृजेश मिश्रा के निवास पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में देर शाम ग्राम मदनेश्वरपुर पहुंचे श्री अमरजीत भगत एवं डॉ प्रीतम राम के मुख्य आतिथ्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम करमा, लोकगीत की प्रस्तुति हुई।दोनों अतिथियों ने सभी ग्राम वासियों को दसई,नवा खाई, पर्व के बधाई के साथ सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी। ग्रामीणों ने आरती एवं पुष्प वर्षा कर अतिथियों की अगवानी की,

और क्षेत्रीय समस्याओं और सुख-दुख पर चर्चा की। दोनों अतिथियों ने आम जनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी ग्रामीण जीवन में लोक पर्व और परंपराओं का गहरा असर है। हमारे गौरवशाली लोक संस्कृति और और परंपराओं के संरक्षण संवर्धन के साथ ग्रामीण परिवेश में आपसी भाईचारा समन्वय से आपसी भाईचारा के साथ सभी वर्गों को मिलजुल कर विकास के रास्ते पर चलना होगा।पूर्व मंत्री अमरजीत भगत एवं पूर्व मेडिकल सर्विसेस कारपोरेशन के अध्यक्ष एवम पूर्व विधायक डा प्रीतम राम को ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताई।दोनों अतिथियों ने कांग्रेसी कार्यकर्त्ता से संगठन मजबूत करने पर बल दिया।

इस दौरान राजेश वर्मा,सुरेश सोनी,नीरज तिवारी वरिष्ठ कांग्रेसी एवम युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस कार्यकर्ता एवम ककना,बरियों ग्रमीण जन भारी संख्या में शमिल रहे।कार्यक्रम संचालन बृजेश मिश्रा ने किया।

## युवक की हत्या के मामले में दोस्त हुए गिरफ्तार




- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

मामूली सी बात पर नाराज होकर युवक ने दोस्त की पिटाई कर दी थी। गंभीर रूप से जख्मी युवक की मौत इलाज के दौरान रायपुर डीकेएस अस्पताल में हो गई थी। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार 8 अगस्त को जगदेव सारथी की पिटाई उसके दोस्त संजय एक्का ने कर दी थी। इससे जगदेव गंभीर रूप से आहत हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने रायपुर रेफर कर दिया था। यहां इलाज के दौरान 16 अगस्त को रायपुर डीकेएस अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने पीएम रिपोर्ट व परिजन के बयान के आधार पर आरोपी संजय उर्फ अमरेश एक्का निवासी नया बांध बिरिमकेला बतौली हाल मुकाम श्रीगढ़ अंबिका गैरेज के पीछे थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी व मृतक की दोस्ती थी। दोनों पल्लेदारी का काम करते थे और खाना एक साथ बैठकर खाते थे। घटनादिवस मृतक एवं आरोपी बिरयानी लेकर आए थे। इसके बाद आरोपी संजय एक्का शराब लेने चला गया। वापस आया तो देखा की सारा बिरयानी मृतक खा गया था। इस बात से नाराज होकर उसकी पिटाई कर दी थी।

## धारदार हथियार दिखाकर कॉलोनीवासियों को डरा-धमका रहा आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सरगवां में रविवार की शाम को एक आदतन बदमाश हाथन में धारदार फरसा लेकर कॉलोनीवासियों को डरा धमका रहा था। सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुचकर आरोपी के कब्जे से धारदार हथियार बरामद कर उसके खिलाफ 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

गांधीनगर थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि आरोपी संजीत पाल पिता बैजनाथ राम (38) निवासी वसुंधरा बिहार के पास थाना गांधीनगर हाथ में धारदार फरसा लेकर रविवार की शाम को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में जाकर लोगों को डरा धमका रहा था। सूचना पर टीम मौके पर जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से धारदार हथियार भी बरामद किया है। आरोपी आदतन बदमाश है। वह पूर्व में भी आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। इस मामले में भी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया



है। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र कुजूर, आरक्षक घनश्याम देवांगन, रविन्द्र साहू नगर सैनिक अनिल साहू शामिल रहे।

# भाजपा कोरिया जिलाध्यक्ष के मंसूबों पर फिरा पानी

# जिले में नहीं बनेगा दूसरा भाजपा जिला कार्यालय

### झूठी उपलब्धि गिनवाने वर्तमान जिला अध्यक्ष ने रची थी कहानी...

### जिस जगह पर नपा बैकुण्ठपुर पालिका बाजार बनाना चाहते थे वहां पर भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा जिला कार्यालय चाह रहे थे बनाना







## एक ही नाम से जमीन पहले से थी आवंटित उसी नाम से जमीन को दोबारा कराना चाह रहे थे आवंटित

-रवि सिंह-
बैकुंठपुर,21 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के भाजपा जिलाध्यक्ष के मंसूबे पर पानी फिर गया और उन्हें कहीं न कहीं एक ऐसे मामले में साफ ना सुनने को मिल गया जो उनकी अपनी मनमानी से जुड़ा मामला था और जो उनकी एक बेवजह की जिद थी एक बाल हठ था जो अब नहीं पूरी की जा सकती यह प्रशासन सहित राज्य के जिम्मेदार अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया और उन्हें बता भी दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया की जो जिद बाल हठ या एक गलत प्रयास असफल हुआ जिसे गलत करार दिया गया जिसके लिए उन्हें मना किया गया शासन प्रशासन द्वारा जिसे नियम विरुद्ध ही बता दिया गया वह जिला भाजपा कार्यालय के निर्माण और उसके लिए जिला मुख्यालय में भूमि आबंटन की मांग की जिद थी जिसके लिए वह शासकीय भूमि का आबंटन शहर में कराने प्रयासरत थे और जिस मामले में कांग्रेस के नेताओं साथ ही नगर पालिका में निर्वाचित कांग्रेस पार्षदों के विरोध की वजह से यह मनाही सम्भव हुई। वैसे इसे दैनिक घटती-घटना की खबर का असर भी कहा जा सकता है क्योंकि दैनिक घटती-घटना ने प्रमुखता से इस मामले को प्रकाशित किया था और पूर्व से ही एक जिला कार्यालय होने के बावजूद दूसरा जिला कार्यालय बनाए जाने के प्रयास और भूमि आबंटन को गलत बताया था जिसके बाद यह मनाही जिलाध्यक्ष भाजपा को सुननी पड़ी। वैसे जिस जमीन पर जिलाध्यक्ष भाजपा कोरिया पार्टी कार्यालय के नाम पर कब्जा जमाना चाहते थे या जिस भूमि का भाजपा कार्यालय के नाम पर आबंटन कराकर वह अपनी उपलब्धि में एक अध्याय जोड़ना चाहते थे वह भूमि शहर के साथ ही जिला मुख्यालय के बीचों बीच स्थित है और उक्त भूमि का आबंटन नगर पालिका को किया जा चुका है जहां चौपाटी के निर्माण का प्रस्ताव भी है यह सूत्रों का कहना है।

ज्ञात हो की भा.ज.पा. का जिला कार्यालय पहले से ही जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में स्थित है,जो 2009-10 में शासन द्वारा आवंटित भूमि पर निर्मित किया गया था। वर्तमान में, कोरिया जिले का विभाजन होने के बाद केवल एक विधानसभा (बैकुण्ठपुर) के कार्यकर्ताओं के लिए यह कार्यालय प्रयाप्त प्र्याप्त है। इस प्रकार, नए प्लाट के आवंटन की आवश्यकता नहीं थी। फिर भी संसाधनों की समीपता और शैक्षणिक संस्थान की स्थितिः जिस भूमि की मांग की जा रही है, उसके सामने शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर में स्थित है। यदि इस भूमि का उपयोग पार्टी कार्यालय हेतु किया जाता है, तो यह विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की शिक्षा में व्यवधान उत्पन्न कर सकता है, जबकि पूर्व में पालिका बाजार हेतु भूमि का आरक्षणः उक्त भूमि को पहले ही पालिका बाजार के निर्माण हेतु आरक्षित किया गया है। बैकुण्ठपुर में यह भूमि एकमात्र ऐसी इन है, जहां सर्वसुविधायुक्त पालिका बाजार का निर्माण किया जा सकता है, जो शहर के बहुमुखी विकास के लिए आवश्यक है। भूमि आवंटन के पिछले प्रयासों का विवरण, इससे पहले, उक्त भूमि को पुलिस अधीक्षक कार्यालय हेतु आवंटित करने का प्रस्ताव दिया गया था, किन्तु नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा की बैठक 03.06.2022 को प्रस्ताव पारित किया गया था कि उक्त भूमि को 01 रूपया प्रति वर्ग फीट की दर से मांग कर भूमि नगर पालिका के नाम पर अंतरण कराते हुए पालिका बाजार निर्माण की कार्यवाही करने हेतु सर्व सम्मति से संकल्प पारित किया गया। सामान्य सभा की बैठक की सत्य प्रतिलिपि संलग्न है। सभी ने हस्ताक्षर कर कहा है कि नजूल प्लाट क्रमांक 84, 85, 86 में से 62 डिसमिल भूमि को पालिका बाजार के लिए सुरक्षित रखते हुए, इसे भा.ज.पा. के जिला कार्यालय के लिए आवंटित न किया जाए, क्योंकि भा.ज.पा. को पहले से ही जिला कार्यालय के लिए भूमि आवंटित की जा चुकी है और उनका कार्यालय वर्तमान में संचालित है।

### एक जिले में और खासकर जिला मुख्यालय में एक ही जिला कार्यालय बना सकती हैं कोई भी पार्टी,नियम

बताया जा रहा है की राजनीतिक दलों को जिले में खासकर जिला मुख्यालय में एक ही जिला कार्यालय बनाने के लिए भूमि आबंटित किया जायेगा ऐसा नियम है। भाजपा सहित कांग्रेस के पास पहले से कार्यालय हैं और अब पुनः जिलाध्यक्ष भाजपा नया कार्यालय बनाने के लिए भूमि आबंटन की मांग कर रहे थे जिसे नियम विरुद्ध पाए जाने पर अस्वीकार किया गया प्रशासन द्वारा।

### इश्तहार जारी होने उपरांत कार्यवाही पर रोक लगना सत्ताधारी दल के लिए एक बड़ी असफलता

भाजपा जिला कार्यालय के लिए दूसरी बार जमीन आबंटन के लिए जिलाध्यक्ष भाजपा कोरिया प्रयासरत थे और उन्होंने अपने पदीय महत्व का फायदा उठाकर भूमि आबंटन के लिए इश्तहार भी प्रकाशित करवा लिया था लेकिन जब बात फैली और विरोध हुआ मामला ठंडे बस्ते में चला गया। वैसे पूरे मामले में जिलाध्यक्ष भाजपा सहित सत्ताधारी दल को भी काफी झटका लगा है क्यूंकि सत्ता में रहते हुए उन्हें बैकफुट पर आना पड़ा है।

## भू-विस्थापित कोयला एंप्लॉय एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के ऊषा विश्वकर्मा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

-संवाददाता-
कोरबा,21 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।



ऊषा विश्वकर्मा की भू-विस्थापित कोयला एंप्लॉय एसोसिएशन छत्तीसगढ़ महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति होने पर एसोसिएशन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से जोरदार अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। डायरेक्टर भू-विस्थापित कोयला एंप्लॉय एसोसिशन छत्तीसगढ़ जनुक दास दीवान के मार्गदर्शन में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ऊषा विश्वकर्मा के नेतृत्व में स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डायरेक्टर भू-विस्थापित कोयला एंप्लॉय एसोसिशन छत्तीसगढ़ जनुक दास दीवान, विनोद सिंह करपे, जिला अध्यक्ष संतोष मरार, उपाध्यक्ष विद्यानंद राठौर, अयोध्या पटेल, आनंद कुमार, प्रमोद कुमार पटेल, ताराचंद कश्यप, सुशीला बाई, नील बाई दुर्गा बाई भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अपने स्वागत से अभिभूत ऊषा विश्वकर्मा ने डायरेक्टर भू-विस्थापित जनुक दास दीवान सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी।

# राष्ट्र निर्माण और देशभक्ति की अनूठी पहल,आरएसएस का खण्ड पथ संचालन

-संवाददाता-
अनूपपुर,21 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

दिनांक 19/10/2024 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जैतहरी में एक भव्य खण्ड पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जैतहरी खण्ड के सभी स्वयंसेवकों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी पूर्ण गणवेश में अद्भुत एकता का प्रदर्शन किया। पथ संचलन का आरंभ दोपहर 3 बजे मिनी स्टेडियम जैतहरी से प्रारंभ हुआ स्वयंसेवक बैंड की धुन पर कदम ताल करते हुए आगे बढ़े, जो सभी के लिए एक गर्व का अनुभव था। इस पथ संचलन में जैतहरी खण्ड की सभी शाखाओं के स्वयंसेवक शामिल हुए, जिन्होंने एकजुटता और अनुशासन का अद्भुत उदाहरण पेश किया।



### सेवा के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है पथ

कॉपरेटिव बैंक, गोबरी रोड, खाक चौक, शासकीय प्राथमिक पाठशाला बस्ती, गायत्री विद्या शिशु मंदिर,पुरानी पोस्ट ऑफिस, देवी मड़िया के पीछे, वीर दुर्गादास चौक, वार्ड नं 1 लाइनपार जैतहरी, पुनः अण्डर ब्रिज, सिविल लाइन, अटल द्वारा, मेन मार्केट, गांधी चौक, जैन मंदिर, संघ विधान का पालन कार्यक्रम का प्रारंभ सभी उपस्थित स्वयंसेवकों ने पंक्तिबद्ध होकर संघ विधान का पालन करते हुए किया। यह अनुशासन और एकता का प्रतीक था, जिसने सभी को राष्टभक्ति और सेवा के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी।

### लोगों को एकजुट करने में सहायक सिद्ध होंगी

यह आयोजन न केवल आरएसएस की शताब्दी वर्षगांठ को मनाने का अवसर था, बल्कि यह समाज में राष्ट निर्माण और देशभक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण कदम भी था। स्वयंसेवकों ने नारेबाजी के माध्यम से एकता, भाईचारे और सेवा का संदेश दिया। आरएसएस का यह खण्ड पथ संचलन जैतहरी में एक ऐतिहासिक घटना रहा, जिसने स्थानीय समुदाय में राष्ट प्रेम को और अधिक प्रबल किया। इस प्रकार की गतिविधियाँ निश्चित रूप से समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और आने वाले समय में लोगों को एकजुट करने में सहायक सिद्ध होंगी।

## मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने वितरित किया साईकिल

### सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साईकिल का किया गया वितरण

-संवाददाता-
सूरजपुर / बिश्रामपुर,21 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत करवां के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित थीं । साइकिल वितरण कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य महेश्वर पैकरा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कक्षा



नौवीं की 47 छात्राओं को श्रीमती राजवाड़े के हाथों साइकिल वितरण किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा व अन्य विषयों को लेकर चर्चा की। सर्वांगीण विकास पर जोर दिया एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव को छात्रों से साझा करते हुए सोशल मीडिया के नकारात्मक तत्वों से दूर रहने की सलाह दी। शिक्षा के साथ संस्कार पर भी जोर दिया । विद्यालय में इको क्लब द्वारा संचालित जैविक उद्यान का भ्रमण कर छात्रों के इस कार्य की सराहना की स्वयं अपने हाथों लौंग की वृक्षों का वृक्षारोपण भी किया। विद्यालय के बाउंड्री वॉल के लिए आश्वासन भी प्रदान किया कि यथासंभव बाउंड्रीवाल निर्माण में सहायता प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में ग्राम करवां के ग्रामवासी, विद्यालय के स्टाफ स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ निशा सिंह ने किया।

# जिला पुलिस अधीक्षक की ओर से पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन

-संवाददाता-
कोरबा,21 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

जिला पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी की ओर से पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन दिनांक 21.10.2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोरबा परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने जिले के उन सभी 12 शहीद जवानों को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी और अपना सर्वस्व न्योछवर कर दिया। इस मौके पर शहीद स्मारक को फूल मालाओं से सजाया गया था। और पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा सलामी पश्चात्



पिछले एक वर्ष में शहीद हुए देश भर के 216 जवानों का नाम लेकर उन्हें याद किया गया। एवं परेड के द्वारा शोक शस्त्र कर सभी अतिथियों के द्वारा मौन धारित कर शहीदों को याद किया गया। कार्यक्रम में वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम मंत्री माननीय श्री लखन लाल देवांगन जी, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री ननकी राम कंवर, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला नेताम, श्री नरेंद्र देवांगन (पार्षद) एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा शहीद स्मारक में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।एवं शहीद जवानों के परिजनों को शाल- श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया । पुलिस अधीक्षक कोरबा ने शहीद परेड के पश्चात शहीद परिवारजन से बात किये एवं समस्यायों को निराकरण करने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। 21 अक्टूबर को पूरे देश में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है, जिसे अमर जवान स्थल पर शहीद जवानों की याद में मनाया जाता है। यह दिन उन वीर जवानों की याद में मनाया जाता है जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा, असिस्टेंट कमांडेंट रामसागर गुप्ता, डिप्टी डायरेक्टर अभियोजन, एफएसएल अधिकारी सत्यजीत कोसरिया, सीएसपी कोरबा भूषण एक्का, डीएसपी इग्नायुस तिर्की, हेडक्वार्टर डीएसपी श्रीमती प्रतिभा मरकाम, एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर, रक्षित निरीक्षक अनथ राम पैकरा एवं जिले के पुलिस बल, गणमान्य नागरिक ,सभी मीडिया के साथी, शहीद जवानों के परिजन उपस्थित रहें।

# दस्तावेज लेखकों का हड़ताल:रजिस्ट्री सहित अन्य कार्य रहा ठप्प

### पूरे दिन स्टाम्प व टिकट के लिए भटकते रहे लोग,वेंडरों को पंजीयन विभाग के समायोजित करने की मांग






-संवाददाता-
सूरजपुर,21 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश दस्तावेज लेखक जन कल्याण संघ के बैनर तले दस्तावेज लेखक व स्टम्प वेंडरों ने विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। दस्तावेज लेखकों व स्टम्प वेंडरों के हड़ताल पर चले जाने से जमीन खरीदी-बिक्री के साथ बटवारानामा, बैंक सम्बंधित कार्य तथा अनेक शासकीय कार्य सीधा प्रभावित रहा। अनिश्चित कालीन हडताल के चलते पंजीयन कार्यालय में दस्तावेज लेखन एवं स्टांप विकय का काम पूर्णतः बंद ठप हो गया। इस संबंध में हड़ताल में बैठे दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष राजेश चौबे व अन्य स्टाम्प वेंडरों ने बताया कि पूरे प्रदेश के पंजीयन कार्यालय में वर्षों से अवैतनिक सेवा देने वाले दस्तावेज लेखक एंव स्टाम्प विक्रेता के द्वारा अपनी कुछ जायज मांगो को पूरा करने पूर्व में शासन के समक्ष मांगपत्र सौंपा गया था, परंतु उन मागों को लेकर आज तक शासन स्तर पर किसी भी प्रकार की कोई पहल नहीं किया गया है। जिसके कारण दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प विक्रेता द्वारा पूर्व में एक दिवसीय कलम बंद हडताल पश्चात एक सप्ताह काली पटटी लगाकर विरोध स्वरूप कार्य किये थे और शासन को ज्ञापन भी सौंपा था। जिस पर समस्यों को 15 दिवस के अंदर पूरा किये जाने का आश्वासन दिया गया था, परन्तु एक माह बीत जाने पर भी इस दिशा में कोई कारगर पहल नहीं किया गया। जिसको लेकर बीते 10 अक्टूबर को संघ के द्वारा पत्राचार किया गया था, उसका भी कोई जवाब नहीं आया। जिससे वे अनिश्चितकालीन हड़तला पर जाने मजबूर हो गए हैं। संघ के सदस्यों ने यह भी बताया कि शासन के द्वारा नया-नया योजना लागू किया जा रहा है। उन सभी योजनाओं को वे सहजता के साथ स्वीकार कर पालन भी कर रहे हैं, लेकिन हमारी समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर नहीं दिख रही है। सरकार के द्वारा लागू सुगम एप के माध्यम से पारदर्शिता के नाम पर आम व्यक्ति को घर बैठे रजिस्ट्री कराने संबंधी प्रचार-प्रसार व्यापक पैमाने पर किया जा रहा है। ऐसे में बहुत जल्द दस्तावेज लेखक और स्टाम्प विक्रेता बेरोजगार हो जाएंगे। हड़ताल पर बैठे दस्तावेज लेखक व स्टाम्प वेंडरों ने शासन से आजीविका की गारंटी की मांग करते हुए सभी दस्तावेज लेखक व स्टाम्प वेंडरों को पंजीयन विभाग में समायोजित करने की मांग की है। इस दौरान बड़ी संख्या में दस्तावेज लेखक व स्टाम्प वेंडर धरने पर बैठे रहे। इधर दूसरी ओर पूरे दिन हड़ताल के कारण पंजीयन कार्यालय में पहुंचने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरलादेवी अग्रवाल आ0 संजय अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी खरसिया नाका अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा , छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम कंठी तहसील दरिमा जिला सरगुजा,छ0ग0 ,खसरा नंबर 436/1 रकबा 0.174 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 30/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)धौरपुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद द्वारा सर्व-साधारण ग्राम कर्रा को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमाशंकर गुप्ता आ0 स्व0 श्री सूर्यदेव, जाति तेली, निवासी ग्राम कर्रा, तहसील लुण्ड्रा(धौरपुर), जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम कर्रा, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) स्थित खसरा नंबर 679/1 रकबा 1.893 हे0 में से रकबा 0.405 हे0 भूमि को कृषि भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा,इत्यादि सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 30/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) धौरपुर,सरगुजा

न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202410020700125

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः-राजस्व सन्:-2024-25

नमनाकला (प.ह.नं.00020 हे.)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-रतन चाकी,
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0शासन,

ईश्तहार

आवेदक रतन चाकी आ0 रंजीत चाकी निवासी ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0 के ग्राम नमनाकला स्थित भूमि खसरा नंबर 243/114 रकबा 0.016 हे0 भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/11/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/10/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील
तहसीलदार
अंबिकापुर,सरगुजा

CMYK

# जनपद पंचायत कार्यालय मनेन्द्रगढ़ के लिपिक पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला भी हुआ दर्ज




## 14 साल में आय के रूप में 10 करोड़ 18 लाख की राशि की उन्होंने अर्जित

## जनपद पंचायत के लिपिक ने कई जिलों में खरीदी भूमि...आखिर कहां से आया पैसा?

## लंबे समय के बाद किसी जिले में आय से अधिक संपत्ति का मामला किया गया दर्ज

-रवि सिंह-
मनेन्द्रगढ़,21 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

जनपद पंचायत कार्यालय मनेन्द्रगढ़ के लिपिक सत्येंद्र सिन्हा को 20 सितंबर को रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़ा गया था उसके बाद जांच चल रही थी अब उसके ऊपर आय से ज्यादा संपत्ति का मामला भी दर्ज किया गया है, अविभाजित कोरिया जिले में छत्तीसगढ़ बनने के बाद पहली बार आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की का मामला दर्ज हुआ है, शिकायतें तो खूब होती हैं पर मामला दर्ज नहीं हो पाता,लेकिन इस बार ऐसा देखने को मिला है जब रिश्वत लेने वाले लिपिक की जांच विधिवत तरीके से की गई है और जांच में आय से अधिक संपत्ति पाए जाने पर इस पर भी मामला दर्ज किया गया है। ज्ञात हो की ईओडब्ल्यू ने मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत में पदस्थ लिपिक सत्येंद्र सिन्हा को 20 सितंबर को हिरासत में लिया था। उसके बाद अब पहली बार एफआईआर दर्ज की गई है, एसीबी ने 3 पेज की एफआईआर में आय से ज्यादा की दर्जनों संपत्तियों का जिक्र कर मामला दर्ज किया है एफआईआर में बताया गया है कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988, (यथा संशोधन 2018), के आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा, को दिनांक 20.09.2024 को ट्रैप आयोजित कर प्रार्थी महेन्द्र सिंह से आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा को रिश्वती रकम 19 हजार रूपये लेते हुए रंगे हाथों पंचसाक्षियों के समक्ष पकड़ा गया है। तलाशी कार्यवाही के दौरान आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के विरूद्ध प्रथम दृष् दृष्टिया अनुपातहीन संपत्ति अर्जित करने के संबंध में पुष्टि हुई। विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ कि आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा ने शासकीय सेवा में नियुक्ति के पश्चात् अपने विभिन्न पदस्थापना के दौरान अपने आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक असमानुपातिक अपने नाम व अपने परिजनों के नाम पर चल अचल संपत्ति क्रय कर एकत्रित की गई है तथा विभिन्न बैंको में भारी मात्रा में निवेश किया गया है एवं लॉकर ले रखा है। आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा, कार्यालय जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ में सहायक ग्रेड-02, (लेखापाल) के पद पर पदस्थ है। आरोपी लगभग 34 वर्षों से लोक सेवक के पद पर पदस्थ है। आरोपी व आरोपी के परिजनों के नाम धारित चल-अचल संपत्तियों की गोपानीयता की गई।

### आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के अचल संपत्ति की जानकारी

आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपनी पत्नी के नाम पर वार्ड नंबर 14. सरोवर मार्ग के पास, (एन.सी.आर.बी) (एकीकृत जाँच फार्म-1) खसरा नंबर-1188. रकबा 1.6800 हे0. खसरा नंबर 900/2. रकबा 0.2800 हे0, खसरा नंबर 898/2, रकबा 0.5200 हे0, कुल रकबा 3.440 हे0 भूमि क्रय किया गया है। (अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रूपये, आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपनी पत्नी के नाम पर ग्राम मुसरा, तह0 केल्हारी, जिला एमसीबी स्थित खसरा नंबर-29, रकबा 10800 हे0, खसरा नंबर 160, रकबा 13500 हे0, खसरा नंबर 161, रकबा 0.3500 हे0, कुल रकबा 3.780 हे0 भूमि क्रय किया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 45 लाख रूपये है, आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपनी पुत्री के नाम पर ग्राम कोड़ा तह0 खड़गवां, जिला एमसीबी स्थित खसरा नंबर 931. रकबा 0.9500 हे0, खसरा नंबर-936, रकबा 1.97 हे0. कुल रकबा 2.9200 हे0 भूमि क्रय किया गया है।

### इस प्रकार आरोपी के द्वारा वर्ष 2010 से माह सितम्बर 2024 तक लगभग 10 करोड़ 18 लाख रूपये की चल-अचल संपत्ति अर्जित किया जाने की हुई पुष्टि

प्राप्त हुई है तथा आरोपी के द्वारा वर्ष 2010 से माह सितम्बर 2024 तक लगभग 01 करोड़ 10 लाख रूपये की ज्ञात आय अर्जित किया जाने की पुष्टि की जानकारी प्राप्त हुई है। जो लगभग 55 लाख रूपये की बचत का होना पाया गया। इस प्रकार आरोपी द्वारा आय की तुलना में लगभग 1500 पर्सेंट अनुपातहीन संपत्ति का प्रथम दृष्टया होना पाया गया। इस प्रकार आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा, सहायक ग्रेड-02, (लेखापाल), कार्यालय जनपद पंचायत जिला- एमसीबी स्थित नजूल प्लट नंबर-433/2, रकबा 659 वर्ग मीटर भूमि एवं जसके हिस्से में पुराना चीप लेंटरयुक्त मकान क्रय किया गया है। (अनुमानित कीमत लगभग 21 लाख रूपये) (02) आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपने स्वयं के नाम पर अपने निवासरत मकान के बगल में वार्ड नंबर 14. सरोवर मार्ग के पास, मनेन्द्रग, जिला-एम0सी0बी में एक मंजिला मकान क्रय किया गया है। (अनुमानित कीमत लगभग 70 लाख रूपये), (03) आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपने स्वयं के नाम पर अपने निवासस्त मकान के पीछे भूमि पर एक मंजिला मकान का निर्माण कराया गया है। (अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रूपये), (04) आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती रंभारति सिन्हा के नाम पर बस स्टैण्ड मनेन्द्रग के पास प.ह.नं.-13. खसरा नंबर-142/43. रकबा 0.020 हे0 भूमि क्रय कर उसमें 03 मंजिला मकान का निर्माण कराया गया है। (अनुमानित कीमत लगभग 90 लाख रूपये), (05)


घटती घटना
मनेंद्रगढ़ जनपद कार्यालय का रसूखदार लेखापाल
रिश्वत लेते एसीबी के हत्थे चढ़ा

आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपनी पत्नी के नाम पर मौहारपारा, मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी स्थित नजूल की भूमि पर निर्मित गुरुकुल हाई स्कूल क्रय किया गया है। (अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 50 लाख रूपये), आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपने स्वयं के नाम पर आमाखेरवा रोड. मनेन्द्रगढ़ स्थित खैर नाता चौरा के सामने नजूल भूमि क्रय कर उस पर एक मंजिला मकान एवं 04 दुकानों का निर्माण कराया गया है। (अनुमानित कीमत लगभग 80 लाख रूपये), आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपने स्वयं के नान पर आमाखेच्या रोड, मनेन्द्रगढ में मण्डल गुरूजी के मकान के बगल में नजूल भूमि क्रय कर उसपर एक नंजिला मकान जिसके भूतल में 02 दुकान एवं प्रथम तल में निवास का निर्माण कराया गया है। (अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रूपये), आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपने स्वयं के नाम पर मनेन्द्रगढ़, हनुमान मंदिर के सामने, नदि पार स्थित नजूल भूमि पर कम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया है जिसमें कुल 05 दुकान है। उक्त कम्प्लेक्स में बिद्युत मीटर आरोपी की पुत्री के नाम पर है। (अनुमानित कीमत लगभग 80 लाख रूपये), आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपने स्वयं के नाम पर मनेन्द्रगढ़ हनुमान मंदिर के सामने, नदि पार उरांव मोहल्ला में लगभग 01 एकड़ का प्लट क्रय कर उसमें मकान का निर्माण कराया गया है। (अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रूपये), आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपने स्वयं के नाम पर ग्राम डीपाडीह खुर्द तह. शंकरगढ़ जिला बलरामपुर रामानुजगंज स्थित खसरा नंबर 10/2. रकबा 0.4450 हे0, खसरा नंबर 32, रकबा 0.2230 हे0. खसरा नंबर 34/3. रकबा 0.0610 हे0, खसरा नंबर 35/3. रकबा 0.0490 हे0, खसरा नंबर 37/3. रकबा 0.1620 हे0, खसरा नंबर 95, रकबा 0.2140 हे0, खसरा नंबर-365/2. रकबा 0.4050 हे0, खसरा नंबर 2/2, रकबा 0.8090 हे0, खसरा नंबर 89/1, रकबा 0.6760 हे0 कुल रकबा 3.044 है0 भूमि क्रय किया गया है। (अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रूपये), आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा मनेन्द्रगढ़ सिविल लाईन में भव्य सांई मंदिर का निर्माण कराया गया है। आरोपी द्वारा अनुमानित लगभग 70 लाख रूपये इस निर्माण कार्य में लगाया गया है।, आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपने स्वयं के नाम से ग्राम चनवारीडांड़ में भूमि क्रय कर उसपर शीट वाले मकान का निर्माण कराया गया है। (अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रूपये), आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपने स्वयं के नाम पर सत्तीपारा अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 624/4. रकबा 0.018, खसरा नंबर-625/8, 0.002 हे0 भूमि क्रय कर उसमें एक मंजिला मकान का निर्माण कराया गया है। (अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रूपये), आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपने स्वयं के नाम पर ग्राम चनाडोंगरी, तह0 मरवाही. जिला जीपीएम स्थित खसरा नंबर 770/5. रकबा 0.1130 हे0, खसरा नंबर 785/2, रकबा 0.3360 हे0, खसरा नंबर- 795. रकबा 0.5540 हे0, खसरा नंबर 835. रकबा 0.1500 हे0, खसरा नंबर 837, रकबा 0.2990 हे0 कुल रकबा 1.452 हे0 भूमि क्रय किया गया है। (अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रूपये) (15) आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपनी पत्नी के नाम पर ग्राम चनाडोंगरी, तह0 मरवाही, जिला जी0पी0एम0 स्थित खसरा नंबर 825, रकबा 1.023 हे0. खसरा नंबर 826, रकबा 0.5670 हे0, खसरा नंबर-831, रकबा 0.069 हे0, कुल रकबा 1.659 हे0 भूमि क्रय किया गया है। (अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रूपये) (16) आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपनी पत्नी के नाम पर ग्राम पेण्ड्री तह0 केल्हारी, जिला एम0सी0बी स्थित खत्तरा नंबर- 1184 रकबा 0.9600 हे मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी (छग) के द्वारा लोक सेवक होते हुए अपने आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक असमानुपातिक संपत्ति अर्जित की गई है। जो आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा का यह कृत्य धारा 13 (1) बी. 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988, (यथा संशोधन 2018) के तहत् दण्डनीय अपराध है।

### तलाशी में क्या-क्या मिला

जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रूपये है, आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा, के चल संपत्ति के संबंध में सत्यापन करने पर निम्नलिखित जानकारी प्राप्त हुई। आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के मकान की तलाशी के दौरान आंगन में एक मारूति ब्रेजा कार जिसका नंबर- सीजी-10-बी.क्यू-7700 प्राप्त हुआ, जो आरोपी के नाम से होना पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 13 लाख 50 हजार रूपये, आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के मकान की तलाशी के दौरान आंगन में एक रायल इन्फिल्ड बुलेट जिसका नंबर- सीजी-15-सी.जे.-9998 प्राप्त हुआ, जो आरोपी के नाम से होना पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 90 हजार रूपये गई, आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के मकान की तलाशी के दौरान आंगन में एक हीरो मेस्ट्री ऐज स्कूटी जिसका नंबर- सीजी-16-सी.आर.-6043 प्राप्त हुआ, जो आरोपी के नाम के साले अभिषेक सिन्हा के नाम से होना पाया गया जिसे आरोपी का पुत्र चलाता है। (अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार रूपये), आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के मकान की तलाशी के दौरान आंगन में एक होण्डा एक्टीवा जिसका नंबर- सीजी-16-सी.बी-5699 प्राप्त हुआ, जो आरोपी के नाम से होना पाया गया। (अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार रूपये), आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के निवास स्थान की तलाशी दिनांक 20.09.2024 को की गई जो आरोपी के मकान की तलाशी के दौरान मकान में रखे हुए विलासिता के वस्तुओं की इन्वेन्ट्री पत्रक तैयार किया गया, जिसमें कुल 6768170/- रुपये की इन्वेन्ट्री प्राप्त हुई। आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा की पत्नी एवं पुत्री के द्वारा दिनांक 20.09.2024 को पहने हुए सोने चांदी के आभूषणों की कीमत एवं वजन उनके द्वारा बताये जाने पर कुल 2.98,000/रूपये के सोने चांदी के आभूषण होना पाया गया। तलाशी कार्यवाही के दौरान आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा, के बेडरूम से नगदी रकम कुल 18.09.380/रुपय जप्त किया गया।

### गोपनीय सत्यापन के बाद मिली ढेरो संपत्ति

गोपनीय सत्यापन के अनुसार आरोपी के बैंक एकाउंट में आज दिनांक तक लगभग 20 लाख रूपये राशि जमा हाने की पुख्ता जानकारी है। आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा, के आय के संबंध में सत्यापन करने पर निम्नलिखित जानकारी प्राप्त हुईः आरोपी वर्तमान में जनपद पंचायत कार्यालय मनेंद्रगढ़ में सहायक ग्रेड-02 (लेखापाल) के पद पर पदस्थ है। आरोपी के द्वारा वर्ष 2010 से चल-अचल संपत्ति को एकत्रित करने की जानकारी प्राप्त हुई है। जो आरोपी के आय के संबंध में वर्ष 2010 से माह सितम्बर 2024 तक लगभग 10 लाख रूपये वेतन के रूप में प्राप्त किया गया होगा। आरोपी के द्वारा बैंक अथवा विभाग से उसकी आय के अनुसार लगभग 10 लाख रूपये तक लोन लिये जा सकने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इस प्रकार आरोपी के द्वारा वर्ष 2010 से माह सितम्बर 2024 तक आय के रूप में अधिकतम 1 करोड़ 10 लाख रूपये तक की राशि अर्जित किये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। चल-अचल सपंत्तियों के अलावा आरोपी सत्येन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा अपने परिजनों एवं अन्य लोगों के नाम से ग्राम कोड़ा, भेलवा, पेण्ड्री, घुटरा, सभी जिला एमसीबी एवं शंकरगढ़, जिला बलरामपुर रामानुजगंज में भारी मात्रा में भूमि क्रय करने के संबंध में जानकारी मिली है। साथ ही आरोपी के द्वारा बैंक, बीमा, शेयर डिवेंचर्स. में भी भारी मात्रा में राशि निवेश किया गया होगा इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

-संवाददाता-
सूरजपुर,21 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

जिले के कलेक्टोरेट सभाकक्ष में चैम्पियंस ऑफ चेंज कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सविता सिंह, तहसीलदार रामानुजनगर सूर्यकांत साय, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग, मंडल संयोजक रहमान खान, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डॉक्टर सिंह पोर्ते, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से उप अभियंता अमित राय, स्वास्थ्य विभाग श्रीमती पुष्पा राजवाड़े, सुश्री पुमिता सिंह, श्रीमती अमिता मिंज, श्रीमती प्रेमलता सिंह, श्रीमती बिलासों शांडिलय, नितेश शाह मंडावी, जिला पंचायत तकनीकी सहायक इम्मानुअल, पशुधन विकास विभाग से सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी जयलाल पैकरा व लाल बहादुर सिंह पूर्ति, शिक्षा विभाग से प्राचार्य प्रदीप जायसवाल एवं भगवान राम ठाकुर तथा सहकारिता विभाग से



समिति प्रबंधक विनय सिंह को प्रदान किया गया।

चैंपियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड सूरजपुर जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रत्येक विभाग के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्ति को सम्मानित करने के लिए प्रदान किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उन व्यक्तियों को पहचानना है, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है और जो अपने विभाग में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके माध्यम से, जिला प्रशासन उन कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना चाहता है, जिन्होंने अपने कार्य के माध्यम से नवाचार, दक्षता, और उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया है। यह न केवल उनके समर्पण और मेहनत को सराहता है, बल्कि अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरित करता है कि वे अपने कार्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और जिले के विकास में योगदान दें। ''चैपियंस ऑफ चेंज'' उन व्यक्तियों के लिए है जो न केवल अपने कार्य में उत्कृष्टता प्रदर्शित करते हैं, बल्कि संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## एमसीबी जिला बनने के बाद भी अधूरी सुविधाएं ऐसे में कैसे मिलेगा संपूर्ण विकास?

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,21 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।




मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया से अलग होकर एक नवीन जिला के रूप में अस्तित्व में आया है। जिले का गठन आम नागरिकों की सुविधाओं और विकास की उम्मीदों के साथ किया गया था, ताकि स्थानीय समस्याओं का तेजी से समाधान हो सके और प्रशासनिक सेवाओं में सुधार हो। हालांकि, यह देखा जा रहा है कि जिला बनने के बाद भी कई मूलभूत समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, जो नागरिकों के लिए चिंता का विषय हैं। प्रशासनिक दृष्टिकोण से देखें तो अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति हो चुकी है, लेकिन आम जनता के लिए आवश्यक सेवाओं में अभी भी कई कमियां हैं। विशेष रूप से, पुलिस प्रशासन में पुलिसकर्मियों की कमी और यातायात व्यवस्था का बुरी तरह से प्रभावित होना प्रमुख मुद्दे हैं। पुलिस बल की पर्याप्त उपलब्धता न होने के कारण कानून व्यवस्था में भी ढीलापन देखा जा सकता है। इसी तरह, यातायात व्यवस्था का सुचारू न होना आम नागरिकों के लिए दिक्कतें पैदा कर रहा है। आम नागरिकों की शिकायतें जिला प्रशासन के पास पहुंच रही हैं, लेकिन उनके समाधान में देरी हो रही है। इसका मुख्य कारण प्रशासनिक प्रक्रियाओं का ठीक से न चल पाना और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की कमी हो सकता है। एक संपूर्ण जिला का स्वरूप तब दिखेगा, जब प्रशासन न केवल अधिकारी-कर्मचारी नियुक्ति में बल्कि नागरिकों को दी जाने वाली सेवाओं में भी सुधार करेगा। जिले के विकास के लिए आवश्यक है कि पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती हो, यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, और नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित समाधान किया जाए। केवल प्रशासनिक ढांचा खड़ा कर देने से संपूर्ण जिले का विकास संभव नहीं है। इसके लिए ज़रूरी है कि प्रत्येक विभाग जिम्मेदारी से काम करे और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाए। जिला प्रशासन से आम नागरिकों की यही अपेक्षा है कि जिले का निर्माण जिस उद्देश्य से हुआ था, वह जल्द से जल्द साकार हो और जिले का पूर्ण विकास हो सके।

# विधायक रेणुका की पहल से पेंड्री बना नया राजस्व निरीक्षक मंडल

## अब ग्रामीणों को राजस्व सम्बन्धी कार्यों के लिए नही लगाने पड़ेंगे जिला व ब्लाक मुख्यालय के चक्कर

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,21 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह की पहल पर बीते दिनों केल्हारी में अनुविभागीय अधिकारी की पदस्थापना के बाद अब भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के केल्हारी के आस पास आधा दर्जन गांवों को मिलाकर नया राजस्व निरीक्षक मंडल बनाया गया। उक्त राजस्व निरीक्षक मंडल में प.ह.न 08 बडकाबहरा, प.ह.न 09 मंहई, प.ह.न 10 ताराबहरा, प.ह.न 11 बिहारपुर, प.ह.न 12 सोनवाही तथा प.ह.न 13 पेन्ड्री गांव शामिल किए गए है।

केल्हारी तहसील के पेंड्री को नया राजस्व निरीक्षक मंडल बनाने से ग्रामीणों ने हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणों ने इसके लिए क्षेत्रीय विधायक रेणुका सिंह के साथ ही जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया है। गौरतलब है की नया राजस्व निरीक्षक मंडल बनाने के लिए विधायक रेणुका सिंह द्वारा जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया था, विधायक के निर्देश पर जिला प्रशासन ने प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित किया था। इसके बाद इसका प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन हो चुका है। पेंड्री को नया राजस्व निरीक्षक मंडल बनने से ग्रामीणों को राजस्व सम्बंधित समस्याओं से निजात मिलेगी। इस मंडल के बनने से ग्रामीणों को जमीन



सम्बंधित मामलों के निपटारे में काफी राहत मिलेगी। अब तक ग्रामीण क्षेत्र के किसान जिला व ब्लॉक मुख्यालयों में आकर नक्शा, खसरा, खतौनी, भूमि संबंधित काम कराते आ रहे थे। लेकिन अब छोटे-छोटे राजस्व निरीक्षक मंडल गठित होने के बाद किसानों को सहूलियत होगी। किसानों की सुविधा के लिए नया राजस्व मंडल बनाया गया है। नए राजस्व निरीक्षक मंडल बनने से अब ग्रामीणों को लंबी दूरी भी नहीं तय करनी पड़ेगी।

## संक्षिप्त खेल की खबरें

### दीपिका ने मेक्सिको में सिल्वर के साथ छठा तीरंदाजी विश्व कप फाइनल पदक जीता



**ट्लाक्सकाला (मैक्सिको), 21 अक्टूबर 2024।** भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी ने तीरंदाजी वर्ल्ड कप फाइनल में सिल्वर मेडल जीतकर अपना छठा वर्ल्ड कप फाइनल मेडल हासिल किया। फाइनल मुकाबले में उन्हें चीन की ली जियामन से 0-6 से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने ली की चीनी साथी यांग जियाओली को 6-0 से हराया और फिर ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली एलेजांद्रा वैलेंसिया को 6-4 से उनके ही घर में मात दी। दीपिका ने कहा, इस वर्ल्ड कप का हिस्सा बनना और जीतना मेरे लिए सम्मान की बात है। अब मैं इससे भी ज्यादा मेहनत करूंगी।

### भारत में गोल्फ का भविष्य सुनहरा,लेकिन विकास की गति धीमी है : जॉय चक्रवर्ती



**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर 2024।** भारत में गोल्फ का विकास बहुत धीमी गति से हुआ है। टोक्यो ओलंपिक में अदिति अशोक के चौथे स्थान पर आने के बाद इसे थोड़ी लोकप्रियता मिली, लेकिन अभी तक यह प्रमुख खेल के तौर पर अपनी जगह नहीं बना पाया है। अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ संवाददाता जॉय चक्रवर्ती के अनुसार, इस खेल में भारत में बहुत अधिक संभावनाएं हैं।

# भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया सीरीज के दौरान आईपीएल ऑक्शन

### » बीसीसीआई ने इस बार बनाया खास प्लान

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर 2024।** आईपीएल 2025 को लेकर सरगर्मियां अब तेज होने लगी हैं। इसी महीने की 31 तारीख तक सभी दस टीमों को अपनी रिटेंशन लिस्ट बीसीसीआई को सौंपनी है,ताकि ये पता चले कि कौन कौन से खिलाड़ी रिटेन हो गए हैं और कौन से रिलीज। अब इंतजार इस बात का किया जा रहा कि नीलामी यानी ऑक्शन कब होगा। इसकी भी एक संभावित तारीख सामने आई है। हालांकि बीसीसीआई की ओर से पुष्टि होनी अभी बाकी है। बीसीसीआई ने इस बार के आईपीएल को लेकर खास प्लान भी तैयार किया है। बड़ी बात ये है कि जब टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर होगी, उसी दौरान ऑक्शन होता हुआ नजर आ सकता है।

### भारत से बाहर नीलामी होने की पूरी संभावना

इस बार का ऑक्शन भारत से बाहर होगा, ये करीब करीब तय हो चुका है। इस बीच क्रिकबज के हवाले से पता चला है कि मेगा ऑक्शन सऊदी अरब में होने की संभावना जताई जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बीसीसीआई की एक टीम वहां होकर आई है, ताकि तैयारियों को आखिरी रूप दिया जा सके। बताया जाता है कि बीसीसीआई इसके साथ ही कई और विकल्पों पर भी विचार कर रहा है। जैसे ही सारी चीजें फाइनल होंगी, बीसीसीआई की ओर से उसका अधिकारिक ऐलान भी कर दिया जाएगा।



### आईपीएल मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को होने की संभावना

इस बीच रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को कराया जा सकता है। इसी दौरान भारतीय क्रिकेट टीम बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया में होगी। 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच 22 नवंबर से शुरू होगा। ये मैच 26 तारीख तक चलेगा। इसी बीच नीलामी होगी। हालांकि अच्छी बात ये है कि टीम इंडिया जब ऑस्ट्रेलिया में होगी तो मैच भारतीय समय अनुसार सुबह जल्दी शुरू होंगे। पहले ही मैच की बात करें तो ये मुकाबला पर्थ में सुबह आठ बजे से शुरू होगा। जो दोपहर बाद करीब तीन बजे तक चलने की संभावना है। अगर नीलामी भी इसी दौरान होती है तो ये दोपहर करीब दो बजे से शुरू होगी। यानी बहुत ज्यादा वक्त का टकराव होने की संभावना नहीं है।

### बीसीसीआई कर रहा है कई विकल्पों पर विचार

रिपोर्ट में कहा गया है कि नीलामी का आयोजन रियाद और जेद्दा में भी होने की संभावना है। यानी बीसीसीआई की ओर से कई सारे विकल्पों के बारे में विचार किया जा रहा है, जो जगह सटीक होगी, उसे फाइनल कर दिया जाएगा। मेगा ऑक्शन की तारीख और वेन्यू का ऐलान बीसीसीआई को जल्द ही करना होगा, क्योंकि ये भारत में नहीं होगी। इसलिए सभी टीमों को पहले बताना होगा, ताकि टीमें भी अपना प्रोग्राम उसी हिसाब से बना सकें। यानी आने वाले कुछ ही दिन में आईपीएल को लेकर कई बड़ी और अहम खबरें सामने आने की पूरी संभावना नजर आ रही है।

# टीम इंडिया जरूर करेगी वापसी

### » पुणे टेस्ट से पहले भारतीय दिग्गज का बयान हुआ वायरल

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर 2024।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है. सीरीज की शुरुआत बेंगलुरु टेस्ट के साथ हुई, जिसमें टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। अब दूसरा टेस्ट पुणे में खेला जाएगा, जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मदन लाल ने माना है कि न्यूजीलैंड की टीम दूसरी टीमों से अलग है, मगर साथ ही उन्होंने भरोसा जताया है कि टीम इंडिया अगले टेस्ट में वापसी करेगी।

न्यूजीलैंड के साथ खेली जा रही टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भले ही टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा हो. लेकिन, दूसरे मैच में वह हर हाल में जीत दर्ज कर वापसी करना चाहेगी।



अब पूर्व क्रिकेटर मदन लाल ने कहा, मुझे लगता है कि भारतीय टीम बहुत स्ट्रॉन्ग है, लेकिन आप जानते हैं कि न्यूजीलैंड दूसरी टीमों की तरह नहीं है,वो एक अच्छे फाइटर हैं, वे हमेशा वापसी करते हैं. उनके पास एक अच्छी बॉलिंग लाइनअप है और उनके पास बेस्ट फील्डिंग वाली टीम है, लेकिन अब भारत को बहुत अलर्ट रहना होगा कि वे इसे कैसे मैनेज कर सकते हैं और यह बहुत अहम है।

पूर्व क्रिकेटर मदन लाल का मानना है कि भले ही न्यूजीलैंड ने पहला मैच जीता हो, लेकिन उनपर टीम इंडिया को अगले मैच में वापसी ना करने देने का प्रेशर रहने वाला है.। उन्होंने कहा, जब आप कोई गेम खेलते हो तो आपको इन सभी चीजों से गुजरना होता है. जब आप 0-1 से पिछड़ जाते हैं तो आपको अपना जज्बा दिखाना होता है कि आप बेस्ट टीम हो. मुझे लगता है कि भारत निश्चित रूप से वापसी करेगा. मैच जीतने के बाद भी न्यूजीलैंड पर दबाल है कि वह मेजबान भारतीय टीम को अगला टेस्ट मैच जीतने से रोके।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाने वाला है. आपको बता दें, बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच में टीम इंडिया पहली पारी में 46 के स्कोर पर ही सिमट गई थी, जो उनकी हार की एक बड़ी वजह रही।

# न्यूज़ीलैंड के टी 20 विश्व कप जीतने में है भारत का हाथ

### सोफी डिवाइन ने ऐसा क्यों कहा ?



**दुबई,21अक्टूबर 2024।** न्यूजीलैंड की टीम ने महिला टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीत लिया है। दुबई में हुए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर यह टीम पहली बार विश्व चैंपियन बनी है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद अब कीवी कप्तान सोफी डिवाइन ने अपनी सफलता के पीछे का रहस्य उजागर किया है। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका पर 32 रनों की जीत के साथ अपना पहला महिला टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद कप्तान सोफी डिवाइन ने कहा कि भारत पर उनकी 58 रनों की शानदार जीत वह मैच था जिसने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में ट्रॉफी तक उनके जाने की नींव रखी।

# इंटरनेशनल क्रश बनी एमिलिया खेर

### खूबसूरती देख आप भी कहेंगे इसे तो मॉडल होना चाहिए

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर 2024।** वुमेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने फाइनल मैच में साउथ अफ्रीका को हराकर पहली ट्रॉफी जीती। इस जीत के बाद एक कीवी खिलाड़ी अपनी खूबसूरती के लिए सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी हुई हैं, जिनका नाम है एमिलिया खेर. जी हां, ये वही ऑलरआउंडर खिलाड़ी हैं,जिन्होंने कीवी टीम को खिताबी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी एमिलिया खेर ने पूरे टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए चुना गया। इतना ही नहीं साउथ अफ्रीका के साथ खेले गए फाइनल मैच में भी एमिलिया ने पहले बल्ले से 43(38) रन बनाए और फिर अपने स्पेल के 4 ओवरों में 24 रन देकर 3 विकेट चटका लिए। अपने इस मैच विनिंग प्रदर्शन की बदौलत एलिमिया ने फाइनल में मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड भी जीता।

24 साल की एलिमिया ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन



खेल दिखा सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा. मगर, उनके खेल से ज्यादा इस वक्त उनकी खूबसूरती की चर्चा हो रही है। इंस्टाग्राम पर इस क्रिकेटर के 76 हजार से अधिक फॉलोवर्स हैं। वह अक्सर अपनी अचीवमेंट की फोटोज शेयर करती रहती हैं।

# रोनाल्डो और अल नासर का एसीएल मैच सुरक्षा कारणों से ईरान की बजाय दुबई में

**वॉशिंगटन,21 अक्टूबर 2024।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अल नासर क्लब का तेहरान के एस्तेगलाल क्लब के खिलाफ एएफसी चैम्पियंस लीग एलीट फुटबॉल मैच ईरान में सुरक्षा चिंताओं के कारण अब संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में होगा। एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने पिछले सप्ताह जारी बयान में इसकी जानकारी दी थी। भारत ने इस फैसले पर हैरानी जताई है क्योंकि सात अक्टूबर को एएफसी ने कहा था कि कोलकाता के मोहन बागान क्लब ने ट्रैक्टर एससी के खिलाफ दो अक्टूबर को दूसरी श्रेणी के एएफसी चैम्पियंस लीग दो के मैच के लिये ईरान जाने से इनकार किया था लिहाजा माना जायेगा कि उसने नाम वापिस ले लिया है।



सिर्फ अल नासर ही नहीं बल्कि ट्रैक्टर का ताजिकिस्तान के रावशान के खिलाफ घरेलू मैच भी अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है। ईरान और कतर के बीच 15 अक्टूबर का मैच भी कतर से दुबई स्थानांतरित किया गया। मोहन बागान के एक प्रवक्ता ने कहा ,'' क्लब ने देखा है कि एएफसी ने आखिरकार माना कि ईरान में सुरक्षा हालात गंभीर है और इसी वजह से कई मैच स्थानांतरित किये गए। मोहन बागान के मामले में भी ऐसा नहीं करने से लगेगा कि एएफसी पक्षपात कर रहा है।'' प्रवक्ता ने बताया कि मोहन बागान ने अनुरोध किया था कि मैच की तारीख या स्थान बदला जाये। क्लब ने कहा कि एएफसी की सबंधित समिति के सामने अपील की गई है और उम्मीद है कि उसे खेलने का मौका मिलेगा।



# फिट हो गए हैं मोहम्मद शमी

### ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले खुद दिया फिटनेस अपडेट

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर 2024।** अगले महीने भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाना है। जहां दोनों टीमों के बीच बॉर्डर- गावस्कर ट्रॉफी के तहत 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। वहीं इस टूर्नामेंट से पहले टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर आई है। दरअसल, टीम इंडिया के अनुभवी गेंदबाज मोहम्मद शमी फिट हो गए हैं, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद दी है। उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह से दर्द से मुक्त हैं और ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे से बाहर नहीं हुए हैं।

# समीरा रेड्डी प्रेग्नेंसी के बाद 105 किलो वजन देख रोया करतीं,सिर के बाल झड़ गए,खुद को इंडस्ट्री से किया था दूर

बॉलीवुड एक्ट्रेस समीरा रेड्डी को प्रेग्नेंसी के बाद बढ़े वज़न को कम करने के लिए खूब मेहनत करनी पड़ी थी। अपने भारी-भरकम शरीर को देखकर समीरा डिप्रेशन में चली गई थीं। दे दना दन और मुसाफिर जैसी फिल्मों के लिए जानी जानेवालीं एक्ट्रेस समीरा रेड्डी ने हाल ही में अपनी पहली प्रेग्नेंसी के दौरान और बाद में अपने चैलेंजिंग एक्सपीरियंस के बारे में बात की ।



साल 2014 से उन्होंने बिजनेसमैन अक्षय वर्दे से शादी की और अगले साल 2015 में वो मां बनीं। समीरा को बेटे हंस के बाद साल 2019 में बेटी न्यारा हुई। द देबिना बनर्जी शो पर समीरा ने अपने मदरहुड को लेकर बातें कीं। उन्होंने खुलासा किया कि साल 2015 में अपने बेटे हंस को जन्म देने के बाद उनका वजन 105 किलोग्राम हो गया था।

### एक साल तक डिप्रेशन से जूझती रहीं

उन्होंने बताया कि इस बढ़े हुए वजन की वजन से न केवल वो शारीरिक रूप से प्रभावित हुईं बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका काफी असर पड़ा। उन्होंने ये भी बताया कि अपने शरीर को देखकर वो कैसे एक साल तक डिप्रेशन से जूझती रहीं।

### वो खुद को अलग-थलग महसूस करने लगी थीं

समीरा ने बताया कि कैसे उनके शरीर में आए भारी बदलावो को देखकर वो खुद को अलग-थलग महसूस करने लगी थीं। उन्होंने बताया कि मां बनने के बाद एक साल तक वह घर से बाहर नहीं निकलीं। उन्होंने बताया कि उनके इस शारीरिक बदलावों की वजह से वो इमोशनली भी काफी बोझिल महसूस कर रही थीं।

### इसका एहसास उन्हें अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के दौरान ही हुआ

मेडिकल प्रफेशनल्स की समझ की कमी के कारण उनका अनुभव और खराब होता गया। उन्होंने कहा कि उनकी गायनेकोलॉजिस्ट ने पोस्टपार्टम डिप्रेशन को महत्व नहीं दिया, जिसका एहसास उन्हें अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के दौरान ही हुआ। समीरा का मानना है कि प्रेग्नेंसी के बाद मुद्दों के बारे में जागरूकता की कमी को बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि परिवार अक्सर शादियों से पहले ऐसे विषयों पर चर्चा करने से कतराते हैं।

### मुझे एलोपेसिया एरीटा का पता चला, मेरे सिर के बाल झड़ गए

उन्होंने आगे कहा था, जब मुझे डिस्चार्ज किया गया तो मैं बहुत रो रही थी। मुझे गिल्ट महसूस हो रहा था कि मैं हंस के साथ नहीं थी। ये एक साल तक चलता रहा। मैं अक्सर रोने लगती थी। मैंने खुद को फिल्म इंडस्ट्री से पूरी तरह से काट लिया था। मैं तब भी 105 किलो की थी और मुझे एलोपेसिया एरीटा का पता चला, मेरे सिर के बाल झड़ गए।

# उत्कर्ष शर्मा और नाना पाटेकर की फिल्म वनवास इस दिन होगी रिलीज




### तारा सिंह की बहू मुस्कान का दिखेगा अलग अवतार

गदरः एक प्रेम कथा, अपने और गदर 2 जैसी हिट फिल्मों के बाद अनिल शर्मा एक बार फिर से पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कुछ समय पहले ऐलान किया था कि वह अपने बेटे उत्कर्ष शर्मा और नाना पाटेकर के साथ एक मूवी बना रहे हैं। अब उसकी रिलीज डेट सामने आई गई है। वह कब और कहां रिलीज होगी।

फिल्म का नाम वनवास है, और इसी की शूटिंग के दौरान एक थप्पड़ कांड भी हुआ था, जिसने वेलकम एक्टर को विवादों में लाकर खड़ा कर दिया था। ये फिल्म जी स्टूडियो के बैनर तले बनी है और 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। क्रिसमस के मौके पर अनिल शर्मा इसे लेकर आ रहे हैं और अपने बेटे को साबित करने के दूसरा मौका दे रहे हैं।

**वनवास फिल्म की रिलीज डेट**

इस मूवी की कहानी बेहद दिलचस्प होने वाली है, जो एक टाइमलेस थीम पर रोशनी डालेगी। यह दिखाएगी की कैसे फर्ज, सम्मान, और अपने कर्म के परिणाम जिंदगी को आकार देते हैं। सामने आए पोस्टर में नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा नशे की हालत में झूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। अनिल शर्मा के बेटे के हाथ में शराब की बोतल है तो दिग्गज एक्टर ने एक हाथ में स्लिंग बैग और एक में एक कटोरा पकड़ रखा है। साथ ही टाइटल के साथ लिखा है, अपने ही देते हैं, अपने को वनवास।

### गदर 2 की सिमरत कौर भी आएंगी नजर

इस फिल्म में गदर 2 में मुस्कान का रोल निभा चुकीं सिमरत कौर भी देखने को मिलेंगी। जिन्होंने कमेंट में लिखा भी है, आपकी प्यारी मुस्कान आ रही है इस बार अलग अंदाज के साथ। मिलते हैं 20 दिसंबर को। इसके बाद फैंस उनके होने से बेहद एक्साइटेड हो गए।

# नताशा स्टेनकोविक ने साड़ी में फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर

### तो रूमर्ड बॉयफ्रेंड ने दिया ऐसा रिएक्शन

हार्दिक पांड्या की एक्स वाइफ नताशा स्टेनकोविक का हाल ही में नया गाना तेरे करके आया था। वहीं अब एक्ट्रेस को एक इवेंट में देखा गया जहां एक्ट्रेस ने अपने सिजलिंग लुक से सभी को हैरान कर दिया। उनके इस लुक की तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वहीं अब खुद नताशा ने भी साड़ी में फिगर फ्लॉन्ट करते हुए फोटोज शेयर की हैं।ग्रे कलर की खूबसूरत साड़ी पहने नताशा स्टेनकोविक काफी हसीन दिख रही हैं। साड़ी को उन्होंने मैचिंग स्लीव्लेस ब्लाउज के साथ पेयर किया है। मैचिंग ईयररिंग्स और खुले बालों में एक्ट्रेस बेहद सिजलिंग दिख रहीं हैं। तस्वारों में उन्हें अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं. उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया है जिसमें वे अलग-अलग अंदाज में पोज करती दिखाई दे रही हैं। नताशा स्टेनकोविक की इन फोटोज पर जहां फैंस उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे, वहीं उनके बेस्ट फ्रेंड और रूमर्ड बॉयफ्रेंड एलेक्जेंडर एलेक्स ने भी उनकी तारीफ कर दी है। उन्होंने फायर इमोजी शेयर कमेंट किया है।



बता दें कि नताशा स्टेनकोविक और हार्दिक पांड्या ने इसी साल जुलाई में एक जॉइंट पोस्ट करते हुए अपना तलाक अनाउंस किया था। दोनों ने पोस्ट में लिखा था कि वे मिलकर अपने बेटे अगत्स्य की परवरिश करेंगे। हार्दिक से अलग होने के बाद नताशा का नाम उनके दोस्त एलेक्जेंडर एलेक्स के साथ जुड़ रहा है। दोनों को कई बार साथ में वक्त गुजारते भी देखा जा चुका है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### राज्योत्सव का उद्घाटन करेंगे उप राष्ट्रपति जगदीश धनकड़



**» छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के समापन में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह हो सकते हैं शामिल...**

**रायपुर,21 अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीश धनकड़ होंगे। समापन में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मौजूद रहने के आसार हैं। बता दें कि दीवाली की वजह से राज्योत्सव 4 नवंबर से शुरू होकर 6 नवंबर तक चलेगा। उद्घाटन समारोह के पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे और मुंबई के कलाकारों का भी कार्यक्रम होगा। 5 तारीख को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और गीत-संगीत के कार्यक्रम होंगे। समापन मौके पर राज्य अलंकरण सम्मान दिया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आ सकते हैं। तीनों दिन छत्तीसगढ़ के कलाकारों के अलावा मुंबई के कलाकारों के कार्यक्रम होंगे।

### पुलिस स्मृति दिवस पर राज्यपाल डेका ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**मुख्यमंत्री ने श्रद्धा सुमन किया अर्पित**

**रायपुर,21 अक्टूबर 2024(ए)।** राज्यपाल रमेन डेका आज पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के राजीव स्मृति वन स्थित शहीद वाटिका पहुंचे। उन्होंने यहां अमर जवान स्तंभ में शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उनके साथ उपस्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी।इस दौरान राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीदों के नामों की पट्टिका पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।

### विधायक पुत्र कृष्णा साहू की गिरफ्तारी पर अड़े आदिवासी समाज




**बेमेतरा,21 अक्टूबर 2024(ए)।** आदिवासी युवक के साथ मारपीट करने के मामले में साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू के बेटे की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आदिवासी समाज ने मोर्चा खोल दिया है। आदिवासियों ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर साजा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। कृष्णा साहू पर एससी, एसटी एक्ट के साथ कई धाराओं में एफआईआर दर्ज है।

# उपचुनाव के लिए बीजेपी स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी

## सीएम साय,नितिन नबीन समेत 40 दिग्गजों का नाम किया गया शामिल...




**रायपुर,21 अक्टूबर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ की रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा ने उम्मीदवार की घोषणा के बाद अब अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट भी जारी कर दी है। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, रमेश बैस, तोखन साहू, अरुण साव, विजय शर्मा, सरोज पांडेय, लता उसेंडी, अजय जामवाल, पवन साय, रामविचार नेताम, धरमलाल कौशिक, बृजमोहन अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल समेत चालीस स्टार प्रचारकों के नाम हैं।
इसके अलावा दयाल दास बघेल, केदार कश्यप, राजेश मूरत, लखन लाल देवांगन, ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, टंक राम वर्मा, अजय चंद्राकर, चंदूलाल साहू, प्रेम प्रकाश पांडे, लक्ष्मी राजवाड़े, शिव रतन शर्मा, मधुसूदन यादव, निर्मल सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, जगदीश रामू रोहरा, खूबचंद पारख, पुरेन्द्र मिश्रा, मोतीलाल साहू, नंदे साहू, ललित चंद्राकर, गुरु खुशवंत साहिब, अनुज शर्मा, गजेंद्र यादव, शालिनी राजपूत का नाम भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल है।

### दक्षिण विस उपचुनाव में तीन अभ्यर्थियों ने जमा किए नामांकन

रायपुर नगर (दक्षिण) उप निर्वाचन-2024 अंतर्गत अभी तक तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में 21 अक्टूबर को शबिस्ता खान, सुषमा अग्रवाल, महेंद्र कुमार बाघ ने अपना नामनिर्देशन पत्र जमा किया। उल्लेखनीय है कि रायपुर नगर (दक्षिण) उपनिर्वाचन 2024 के लिए उम्मीदवार 25 अक्टूबर तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार 30 अक्टूबर तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे।

### 13 नवंबर को होगा रायपुर-दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव

रायपुर-दक्षिण विधानसभा सीट पर मतदान 13 नवंबर को होगा, जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी और उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे। यह सीट भारतीय जनता पार्टी के विधायक बृजमोहन अग्रवाल के रायपुर से सांसद चुने जाने के कारण खाली हुई थी। उन्होंने 17 जून को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद 21 जून को इस सीट को आधिकारिक रूप से रिक्त घोषित किया गया था।

# सड़क हादसे में तीन की हुई दर्दनाक मौत

**» गृह प्रवेश के लिए जा रहे थे**
**» खुशियां मातम में बदली**



**दुर्ग,21 अक्टूबर 2024(ए)।** जामुल थाना अंतर्गत सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। ट्रक ने बाइक सवार भाई, बहन और भांजी को कुचल दिया। इस हादसे में तीनों की मौत हो गई। वहीं डेढ़ साल की छोटी भांजी घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पुलिस पहुंची और तीनों के शव को मॉर्च्युरी भेजा। डेढ़ साल की पूजा को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया।

**बहन को लेने गया हुआ था**

जामुल थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम ढौर निवासी पप्पू साहू (31 वर्ष) अपने बहन को लेने कचांदुर बस स्टॉप पर गया था। उसकी बहन रानी साहू (29 वर्ष)ग्राम पउवारा ससुराल से अपने दो बेटी जया साहू( 8 वर्ष) और छोटी बेटी पूजा साहू (डेढ़ साल) के साथ बस में सवार होकर कचांदूर बस स्टॉप पहुंची। जहां पप्पू अपनी बहन को रिसीव करने के लिए खड़ा था।जैसे ही बस से बहन उतरी। पप्पू अपनी बहन रानी साहू, भांजी जया साहू और पूजा साहू को बाइक में बैठाया। ग्राम ढौर के लिए निकला।कंचादूर मंदिर के पास विपरीत दिशा से सीमेंट से भरा ट्रक सीजी 08 ए एक्स 9046 का चालक तेज लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पहुंचा। रॉन्ग साइड से बाइक को अपने चपेट में ले लिया।

**मामले में जांच की जा रही**

इस हादसे में भाई पप्पू, बहन रानी और भांजी जया की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं डेढ़ साल की भांजी पूजा गंभीर रुप से घायल हो गई। ट्रक को अपने कब्जे में लेकर थाना में खड़ी करा दिया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

**गृह प्रवेश में शामिल होने जा रही थी बहन**

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रानी साहू की ससुराल पउवारा में है। उसके मायके में चाचा अशोक साहू के यहां गृह प्रवेश का कार्यक्रम था और घर में ही छट्ठी कार्यक्रम भी था। उसी में शामिल होने जा रही थी। वह बस में सवार होकर धमधा कंचादूर बस स्टॉप पहुंची। जहां भाई पप्पू बाइक से लेने पहुंचा था। बहन और भांजियों को लेकर जा रहा था। सभी हादसे का शिकार हो गया।

### रायपुर में डीएड पास अभ्यर्थियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**रायपुर,21 अक्टूबर 2024 (ए)।** हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी नियुक्ति न दिए जाने के विरोध में डीएडी पास शिक्षक अभ्यर्थी ने सोमवार को सीएम हाउस घेरने सिविल लाइंस पहुंचे। अब तक ये लोग नवा रायपुर के तूता में धरना प्रदर्शन कर रहे थे।कल अचानक प्रशासन ने चुनाव आचार संहिता के हवाले से इन्हें वहां से बेदखल कर दिया । इसके बाद आज सुबह दो सौ से अधिक अभ्यर्थी रायपुर पहुंचे और सीएम से मिलने की मांग को लेकर सिविल लाइंस में धरने पर बैठ गए। तो बड़ी संख्या में इनके साथियों को पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया।धरने के दौरान चर्चा के लिए पहुंचे पुलिस अधिकारियों से चर्चा करते हुए एक महिला शिक्षक, पुलिस वाले के चमकाने पर रो पड़ी। और बोली हम अपने अधिकार की मांग को लेकर यहां पहुंचे हैं अभी तक हमारी मांगे नहीं सुनी गई । अपने बाते कहते हुए फफक कर रो पड़ी। इनका कहना है कि छ माह पहले हाईकोर्ट ने और डेढ़ माह पहले सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्ति देने का फैसला दिया है लेकिन सरकार नहीं दे रही।




### जांजगीर में 2 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी

**जांजगीर चाम्पा,21 अक्टूबर 2024(ए)।** जिला मुख्यालय जांजगीर में 2 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी की घटना सामने आई है। शनिवार की शाम नगर में बच्ची को गंभीर अवस्था में झाड़ियों के बीच खून से लथपथ देखा गया। जिसके बाद घायल बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया गया है। यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है जांजगीर कोतवाली थाना की पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।



मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर चाम्पा जिला मुख्यालय के वार्ड 25 में शनिवार की शाम की यह घटना है. करीब सात बजे कचरे की ढेर के पास बेहोशी की स्थिति में दो साल की मासूम बच्ची मिली. वह खून से लथपथ थी,जिसे देख अचानक लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई. घटना की सूचना फौरन बच्ची की परिजनों और पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने जब बच्ची को देखा तो उनके होश उड़ गए.बच्ची के साथ दुष्कर्म की आशंका के बीच डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बच्ची को गंभीर स्थिति में उपचार के लिए फौरन जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया है।

# बीजेपी दिग्गज नेता सच्चिदानंद उपासने पर घर में जबरन घुसने का आरोप

**» बड़े भाई ने जड़ दिया जोरदार थप्पड़,बिना पूछे तोड़ दिया ताला...**



**रायपुर,21 अक्टूबर 2024(ए)।** बीजेपी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने पर अपने ही घर में डकैती करने का आरोप लगा है। इतना ही नहीं उनके बड़े भाई जगदीश उपासने ने उनपर थप्पड़ जड़ दिया। जगदीश देश के सीनियर जर्नलिस्ट हैं, भोपाल में स्थित माखनलाल युनिवर्सिटी के कुलपति रह चुके हैं। पुश्तैनी मकान में जबरन घुसने की बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच ये विवाद उपजा। जगदीश उपासने ने इस घटना का वीडियो और जानकारी अपने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट की है।
घटना 20 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे के आस-पास की है। सच्चिदानंद और जगदीश 92 साल की रजनी ताई के बेटे हैं। रजनी ताई का नाता ऋस्स से रहा है। वो रायपुर की पूर्व विधायक हैं। रायपुर के टिकरापारा थाना इलाके में हरचंद राय पेट्रोल पंप के पास मेन रोड में इनका मकान है। इसी मकान से ये विवाद जुड़ा हुआ है। बीते दो ढाई सालों से यहां सच्चिदानंद नहीं रहते हैं। उन्होंने दूसरा मकान बना लिया वहीं शिफ्ट हो गए। मगर उनका दफ्तर यहीं है। इसी दफ्तर में वो परिवार के लोगों को बिना बताए ताला तोड़कर सामान निकलवा रहे थे। विवाद इसी बात पर हो गया। इस विवाद पर सच्चिदानंद उपासने ने मीडिया में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।
जगदीश उपासने का कहना है कि, ये घर हमारी आई (मां) का है। सच्चिदानंद यहीं रहते थे। बीते कुछ समय से वो यहां नहीं रहते कहीं और बंगला बना लिया उन्होंने। अचानक 8-10 लोगों को लेकर आए और शटर का ताला तुड़वाकर सामान निकलवाने लगे। वो इसे पहले दफ्तर के रूप में इस्तेमाल करते थे। मैंने कहा तुम अपने ही घर में इस तरह ताला तोड़कर क्यों घुस रहे हो। चाबी ले सकते थे। अपनी मां से मिल सकते थे। तीन साल से बूढ़ी मां तो देखा तक नहीं।जगदीश उपासने ने आगे कहा- इस तरह से ताला तोड़कर घुसना ये तो कानूनन डकैती है। मैं सिक्योरिटी की मांग करूंगा छत्तीसगढ़ सरकार से मेरी मां की उम्र 92 साल है। उनका दाहिना कंधा टूटा हुआ है। वो ये सब जानकर दुखी हो जाएंगी। वो उठ-बैठ नहीं पातीं। आज जो घर में ताला तोड़कर यूं घुस रहे हैं कल को मुझे, मेरी मां को नुकसान पहुंचा सकते हैं।



### रानू साहू और माया वारियर ने एक साल में किया 125 करोड़ रुपयों से भी अधिक का घोटाला...

**कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों के घोटालेबाज जल्द जाएंगे जेल, कतिपय पत्रकारों के नाम भी घोटालेबाजों में शामिल**

**कोरबा,21 अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में डीएमएफ घोटाले की परतें प्याज के छिलकों की तरह उतरने लगी है। परियोजना प्रशासक और सहायक आयुक्त कोरबा रह चुकी श्रीमती माया वारियर की गिरफ्तारी के बाद पता चल रहा है कि तत्कालीन कलेक्टर रानू साहू और आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त माया वॉरियर के कार्यकाल में 125 करोड़ रुपए से अधिक की सामग्री की खरीदी की गई थी। इसमें आत्मानंद स्कूलों के लिए फर्नीचर, कैमरे, टीवी भी शामिल हैं। जबकि इसकी जरूरत भी नहीं थी।बहुचर्चित डीएमएफ घोटाले में निलंबित आईएएस रानू साहू और माया वॉरियर को ईडी गिरफ्तार कर चुकी है।

# 4 अक्टूबर को हुए सबसे बड़े एन्काउंटर के बाद नक्सलियों ने जारी किया पर्चा

**» देशभर में विरोध दिवस मनाने का किया आह्वान**



**जगदलपुर,21 अक्टूबर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में 4 अक्टूबर को हुए सबसे बड़े नक्सल एनकाउंटर के बाद, दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमिटी के नक्सलियों ने एक पर्चा जारी कर अपनी प्रतिक्रिया दी है।रक्षा बलों ने 38 नक्सलियों को मार गिराया था। पर्चे में नक्सलियों ने इस बात को स्वीकार किया है कि दो अलग-अलग मुठभेड़ों में उनके 38 साथी मारे गए, लेकिन साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि इस मुठभेड़ में स्थानीय आदिवासी भी मारे गए हैं।
नक्सलियों ने अपने पर्चे में बताया कि उनकी कमांडर नीति गंभीर रूप से बीमार थी और मुठभेड़ के समय हथियार उठाने की स्थिति में भी नहीं थी। इसके अलावा, उन्होंने 21 और 22 अक्टूबर को देशभर में ÷विरोध दिवस÷ मनाने का आह्वान किया है, इस एनकाउंटर के खिलाफ अपनी आवाज उठाने के लिए।
यह मुठभेड़ 4 अक्टूबर को दंतेवाड़ा और नारायणपुर के थुलथुली नेंदुर इलाके के जंगलों में हुई थी। सुरक्षा बलों की डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) की संयुक्त टीम ने पूरे दिन चले ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों को चारों ओर से घेर लिया था। सुरक्षा बलों ने सफलता पूर्वक इस ऑपरेशन को अंजाम दिया और सभी जवान सुरक्षित लौट आए।

### दस्तावेज लेखक संघ आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**रायपुर,21 अक्टूबर 2024(ए)।** दस्तावेज लेखक संघ आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। जिसकी जानकारी वित्त मंत्री को अवगत कराते हुए संघ ने मांग पत्र में लिखा, प्रदेश भर के पंजीयन कार्यालय में वर्षो से अवैतनिक सेवा देने वाले दस्तावेज लेखक एंव स्टाम्प विक्रेता के द्वारा अपनी कुछ जायज मांगो के पुरा किये जाने के लिये शासन का ध्यान आकृष्ट करने बाबत विभिन्न चरणों में अपना मांग पत्र सौपा गया है, परन्तु उक्त मांगों पर कभी भी विचार नही किया गया जिसके कारण दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प विक्रेता द्वारा अपने प्रदेश संघ के माध्यम से एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल किये तत्पश्चात एक सप्ताह काली पटटी लगाकर विरोध स्वरूप कार्य किये एंव 18.19,20 सितम्बर को तीन दिवसीय हडताल पर जाने का निर्णय लिया जाकर पुनः ज्ञापन दिया गया था।
जिस पर महानिरीक्षक पंजीयन द्वारा हमारे संघ के प्रतिनिधी मंडल को सम्मान पूर्वक वार्ता के लिये आमंत्रित किया था और हमारी समस्योषोंको 15 दिवस के अंदर पूरा किये जाने का आश्वासन दिया गया था परन्तु एक माह बीत जाने पर भी हमे अवगत नही कराया जबकि जानकारी के लिये हमने 10/10/2024 को पत्र लिखा जिसका कोई जवाब नही आया एंव इस बीच नये नये योजनाओं (आई टी साल्युशन, एन जी डी आर एस. ई - स्टाम्प ) को लागू कर हमे करने को दिया गया है। हम अब तक बहुत ही सहजता से सभी योजनाओं व प्रक्रियाओं को स्वीकार कर पालन किया परन्तु हमारी समस्याओं पर किसी ने ध्यान नही दिया इस बीच एक नई योजना (सुगम एप) को आपके द्वारा लागु कर दिया गया है जो एक पारदर्शिता के नाम पर आम व्यक्ति के द्वारा घर बैठे रजिस्टी करा सकने का प्रचार किया जा रहा है जो एक प्रकार से दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प विक्रेताओं को बेरोजगार करने का उपक्रम प्रतीत हो रहा है। इसलिये अब हम शासन से अपनी आजीविका की सुरक्षा की गारंटी के साथ पूर्व में दिये गये ज्ञापन में दर्शित विभिन्न मांग के साथ समस्त दस्तावेज लेखकों एंव स्टाम्प विक्रेताओं को पंजीयन विभाग में समायोजित किये जाने की मांग करते हुये आज से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने के लिये बाध्य है।





### छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर में 4 नक्सली ढेर

**कांकेर,21 अक्टूबर 2024(ए)।.** छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाके गढ़चिरौली में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में सुरक्षा बलों की फिर बड़ी सफलता मिली है. मुठभेड़ में अब तक 4 नक्सलियों ढेर होने की जानकारी सामने आई है। वहीं मुठभेड़ में एक जवान घायल हुआ है, जिसे नागपुर रेफर किया गया. जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों की मौजूदगी के आधार पर जवानों ने आपरेशन लांच किया था। भामरागढ़ तहसील के कोपरी के जंगलों में मुठभेड़ चल रही. नक्सली विरोधी विशेष दस्ता सी 60 को मुठभेड़ स्थल की ओर भेजा जा रहा है। मुठभेड़ में नक्सलियों को बड़ी क्षति होने का अंदेशा लगाया जा रहा है। घायल सुरक्षा बल के जवान को दो गोलियां लगी है, जिसे नागपुर रेफर किया गया है. मुठभेड़ अभी भी जारी है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)